साल 6 बेमिसाल
सामाजिक गतिविधियों का लेखा जोखा
सबसे पहले सबसे तेज

मासिक
कुमावत इंडिया
कुमावत प्रगति ट्रस्ट की सामाजिक पत्रिका

Email : kumawatindiapatrika@gmail.com
Website : www.kumawatindiapatrika.in

वर्ष-7 | अंक-3 अक्टूबर-2023 पृष्ठ-32 मूल्य : ₹ 20.00



DPS AJMER

Sr. Sec. School

Tabiji Farm Road, Ajmer

ESTABLISHING

The Right Environment

We believe in building a modern culture using both traditional & next-generation tools. So, your child's natural talents can blossom.

SHASHI PAL KUMAWAT
Chairman

Our Activities

Archery & International
Level Shooting Range

Swimming Pool
"DPS Wave Pulse"

Horse Riding Club
Won Laurels at the National Level

Skating Rink

Karate Club
We have won Karate Championship at District, State & National Level.

Art & Craft

Tabiji Farm Road, Near D.D. Puram, Beawar Road, Ajmer

Web: www.dpsajmer.in E-Mail: info@dpsajmer.in

कुमावत प्रगति ट्रस्ट

पता : एफ-31-ए, एस.एल. मार्ग, लालबहादुर नगर प., दुर्गापुरा, जयपुर-302018

संरक्षक	:	जयकिशन सोकिल	**मो. 9829125428**
अध्यक्ष	:	रामप्रकाश कुमावत एडवोकेट	**मो. 9887440666**
उपाध्यक्ष	:	रामप्रकाश कुमावत (मारवाल)	**मो. 9414074376**
सचिव	:	श्रीमती भारती तोंदवाल	**मो. 9414810584**
कोषाध्यक्ष	:	लक्ष्मी नारायण घोड़ीवाल	**मो. 9549656438**
सदस्य ट्रस्टी	:	सी.एम. कुमावत (बड़ीवाल)	**मो. 9829056063**
		रमेश कुमावत (गेदर)	**मो. 9414554322**
		चेतन बालोदिया	**मो. 9414052736**
		मोहन लाल कुमावत	**मो. 9887557425**
मुख्य सलाहकार	:	सुरेन्द्र कुमार वर्मा (नागा)	**मो. 9414994006**
सलाहकार	:	गिरधारी लाल सिंघनवाल	**मो. 9414263429**

सम्पादक मण्डल : रमेश चन्द कुमावत (गैदर) सम्पादक -9414554322, जयसिंह गुड़ीवाल सह-सम्पादक 9461343432, मनीष कुमावत 9660702083, रमेश तोंदवाल 9460870125 रवि कुमावत 9829600411, लक्ष्मीनारायण सिरस्वा 9829791846, उर्वशी बालोदिया 9351680888, प्रिया मारवाल 9408093778 **पदेन सदस्य :** अध्यक्ष, सचिव एवं प्रकाशक।

व्यवस्थापक मण्डल : महेश चन्द जलान्धरा 9828118789, लालचन्द धुंधारिया 9413335998, सुरेन्द्र मारोठिया 9314820385, राजेश धुंधारिया 9314506330, राजेश कुमावत (मरोडिया) 9829097496, श्रीमती राजबाला बिर्थला 7976475370, अशोक कुमावत -9352070394, श्रीमती शशि कला बालोदिया, मुकेश कारगवाल 9828606056 व राजसिंह बधानिया 9414238799 **उप-कोषाध्यक्ष :** खेमचंद खड़गटा 9829140629 **विधि सलाहकार :** राकेश कुमावत एडवोकेट 9829152561 विशेष आमंत्रित सदस्य : मनोज सिरस्वा।

पत्रिका सहयोगी :

छत्तीसगढ़ : रमेश कुमार तुनवाल **मो. 9425234397 दिल्ली :** राधेश्याम घासोलिया **मो. 9818711580 सूरत :** शुभकरण किरोड़ीवाल **मो. 9898097444 वापी :** कृष्णगोपाल **मो. 9824892299 मुम्बई :** विजय किरोड़ीवाल, **मो. 9867177188 जींद (हरियाणा) :** बलवीर सिंह वर्मा **मो. 9355322301 कोटा :** चन्द्र प्रकाश कांकर **मो. 9214983402 सीकर :** रामगोपाल भोड़ीवाल **मो. 9610784657 उदयपुर :** घनश्याम पटवा **मो. 9460913044,** जगदीश मामोडिया **मो. 9024805687 ब्यावर :** नरेन्द्र आर्य **मो. 8107944493,** रवि बेडवाल **मो. 8290303003 बगरू :** चेनसुख बड़ीवाल **मो. 9929012957 सांगानेर :** सोहनलाल अजमेरा **मो. 9636860812 इंदौर :** नेमीचंद कारवाल **मो. 9993998645 किशनगढ़ :** प्रभुदयाल तुनगरिया **9680931428**

सदस्यता शुल्क रु. : विशिष्ठ संरक्षक- 5000, संरक्षक-3000, 10 वर्षीय-1300 एवं 5 वर्षीय-650

विज्ञापन दरें : अंतिम कवर पृष्ठ-3500, कवर पृष्ठ अन्दर, 3000, अन्दर 1 पृष्ठ-2500, 1/2 पृष्ठ-1300, 1/4 पृष्ठ-700

नोट 1 : संरक्षक सदस्य को आजीवन (25 वर्ष) तक पत्रिका प्रेषित व 1 बार मय फोटो परिचय प्रकाशन, विशिष्ठ संरक्षक का आजीवन पत्रिका व प्रत्येक अंक में 10 वर्ष तक नाम का प्रकाशन।

नोट 2. 12 विज्ञापन निरन्तर देने पर 2 विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित किये जायेंगे। 6 विज्ञापन निरन्तर देने पर 1 विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित किया जायेगा।

बैंक खाता : कुमावत प्रगति ट्रस्ट, संख्या 13850110020562 यूको बैंक, गांधी सर्किल, जयपुर, IFS Code : UCBA0001385

यदि राशि सीधे बैंक खाते में स्लिप/ऑनलाइन जमा कराई गई है तो कृपया व्हाट्सएप नं. 9549656438 पर रसीद प्रेषित करें।

स्वत्वाधिकार : कुमावत प्रगति ट्रस्ट के लिए प्रकाशक, मुद्रक सी.एम. कुमावत द्वारा राज ब्लॉक्स, बी-81, करतारपुरा इण्डस्ट्रीयल एरिया, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं एफ-31-ए, एस.एल. मार्ग, लालबहादुर नगर प., दुर्गापुरा, जयपुर-302018 से प्रकाशित, सम्पादक रमेश चंद कुमावत।

सम्पादकीय

साथियों, दीपावली का त्यौंहार जल्द ही आ रहा है। आप सभी इन दिनों घरों की सफाई में व्यस्त होंगे। सही भी है, वर्षाकाल में घरों में सीलन आ जाती है और घरों व वस्तुओं को इसके दुष्प्रभाव से बचाने के लिए सफाई करना वैज्ञानिक रूप से सही है। धार्मिक रूप से माना जाता है कि स्वच्छ स्थान पर ही लक्ष्मी का आगमन होता है। ऐसे में गैर जरूरी सामान भी हट जाता है तथा शेष सामान व्यवस्थित होकर नये के लिए गुंजाइश हो जाती है। इससे घर का माहौल भी अच्छा हो जाता है।

राम ने भी रावण रूपी बुराई को इस धरा से हटा कर भय, आतंक व नकारात्मकता को हटाया था, इसके बाद ही राम राज्य आया जो चिरकाल से आज तक हमारी स्मृति में है।

हमें भी इस सफाई के दौर में अपने मन के विकारों को हटाना चाहिए तब ही अच्छे विचारों का मन मंदिर में प्रवेश होगा। ऐसे में हम दीपोत्सव के 5 दिवसीय त्यौहार को उत्साह, उमंग व खुशी के साथ हिलमिलकर मनाएं तथा अपनों का दिल जीते। राम जब तक अयोध्या में रहे 'राम' (राजकुमार) कहलाए। किन्तु माता-पिता की आज्ञा का पालन करके जब वन गमन किया तो वन में अनेक कठिनाईयों का सामना किया। आतताई रावण पर अल्प संसाधनों से विजय प्राप्त कर लौटे तो अनेक अनुभव संजोकर लाये। उनके चरित्र में सादगी, त्याग, सहिष्णुता, प्रेम, भातृत्व, सेवा आदि गुणों का समावेश हो गया तथा अपने जीवन में अनेक मर्यादाएं स्थापित कर **'मर्यादा पुरुषोत्तम राम'** कहलाए। हमें भी 'राम' के चरित्र के इन गुणों को धारण करने का प्रयास करना चाहिए। यदि घर से दूर उच्च अध्ययन, व्यापार या नौकरी के लिए जाना पड़े तो अवश्य जायें पर मर्यादाओं व प्रगति के लक्ष्य का हमेशा ध्यान रखें।

दीपावली बाद 5 राज्यों में विधानसभा के चुनाव हो रहे हैं। कुमावत समाज का बाहुल्य राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ राज्यों में है। हमारी जनसंख्या व क्षेत्र विशेष में बाहुल्य के बल पर हमें राजनैतिक पार्टियों से टिकिट मिले इसके लिए आपसी मतभेद भुलाकर संगठित प्रयास करने होंगे।

यदि हमारे समाज के प्रत्याशियों को किसी भी दल से टिकिट मिल जाये तो उसके वोट काटने के लिए समाज का कोई निर्दलीय प्रत्याशी खड़ा नही हो तथा समाजजन उसे जिताने का हर सम्भव सार्थक प्रयास करें। याद रखिए, बिना राजनैतिक प्रतिनिधित्व के हमारी बात कौन सुनेगा? इसलिए कुमावत समाज का कोई भी व्यक्ति हमारे समाज के नेता हमारे समाज के प्रत्याशी के विरोध में बयानबाजी व प्रचार नहीं करें। हम सभी के सम्मिलित प्रयासों से हमें अवश्य सफलता मिलेगी। उदाहरण सामने है कि कुमावत महापंचायत में शक्ति प्रदर्शन के बाद **'स्थापत्य कला बोर्ड' का गठन हुआ तथा जयपुर में छात्रावास के लिए 2500 वर्ग मीटर भूमि सरकार से आवंटित हुई।** निसंदेह इसके पीछे श्री मुकेश वर्मा के अथक प्रयास रहे, उन्हें साधुवाद। परिणाम स्वरूप **श्री मुकेश वर्मा स्थापत्य कला बोर्ड के प्रथम अध्यक्ष तथा श्री कैलाश कुमावत उपाध्यक्ष बनाए गए, इन दोनों को 'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से बधाई।**

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर सभी पाठकों को दीपावली के 5 दिवसीय पर्व के लिए हार्दिक शुभकामना।

- रमेश चन्द कुमावत

हमारी वेवबसाइट www.kumawatindiapatrika.in पर आप 'कुमावत इंडिया' पत्रिका के पिछले अंक व अन्य विवरण देख सकते हैं।

सम्पादकीय	3
दीपावली पर एक अपील	4
मुकेश वर्मा के प्रयास सार्थक	5
कुमावत प्रगति ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी	5
कुमावत गौरव : आर्टिसट डॉ. राम सिंह राजोरिया	6
31वाँ मास्टर भौंरी लाल वर्मा स्मृति समारोह	7
कारगिल शहीद सीताराम कुमावत का 49वाँ जन्मदिवस	7
बाबूलाल कुमावत को स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय पुरस्कार 2023 प्रदान	7
कुमावत समाज, सूरत द्वारा गौ-सेवार्थ भजन संध्या का आयोजन	8
त्रिवेणी धाम में 151 प्रतिभाओं का सम्मान	8
44 खेड़ा बलूंदा पट्टी (जैतारण) में आम सभा	8
राम स्तम्भ स्थापित होंगे	8
श्रीमती कृष्णा कुमावत ने यूजीसी नेट परीक्षा-2023 में उत्तीर्ण	9
पिंकी कुमावत को पीएचडी उपाधि प्रदान	9
पवन कुमावत CAG लेखाकर नियुक्त	9
निर्मला व पायल का राज्य स्तर पर रगबी फुटबाल के लिए चयन	9
श्री गोपाल कुमावत ने 21 लाख 'राम' नाम लिखे	9
कुमावत समाज इंदौर का मिलन समारोह	10
भामाशाह बालचन्द गेंदर ने छात्रावास हेतु दिए 3 लाख 50 हजार रुपए	10
उज्ज्वल धनेरिया भाजपा युवा मोर्चा नगर उपाध्यक्ष नियुक्त	10
महेश की 'सनातन' पेंटिंग को राज्य स्तर का पुरस्कार	10
कमलेश कुमावत की चाकू से गोद कर हत्या	10
तीर्थराज 'श्री मणिकर्ण' का महात्म्य	11
सीनियर सिटीजन और सुखी परिवार	11
'कुमावत समाज भवन' मालवीय नगर, जयपुर के लिए दो शब्द...	12
नारी एक रूप अनेक	12
कुमावत विज़न : 2030 : प्राचीन मूल्यों का महत्व और हमारा समाज	13
एक सम्मान माँ के नाम: एक सम्मान आपके सर्पोट सिस्टम और आपके हौसलों के नाम	14
लक्ष्मी जी के मंदिर कहां-कहां	15
मालवीय नगर, जयपुर में समाज का 'महिला शक्ति संगम'	17
बधाई विज्ञापन	18
भारत के मिसाइल मैन डॉ. अब्दुल कलाम	19
गणेशजी को विदा नहीं करें...	19
रियासतों से भारत बनाने के शिल्पी सरदार वल्लभ भाई पटेल	20
दीवाली पर यूं बनाए काजू कतली	20
दीपावली से जुड़ी बचपन की यादें और अब के अहसास.....	21
अखण्ड सौभाग्य के लिए करवाचौथ व्रत	23
विशिष्ठ संरक्षक सूची व श्रद्धांजलि	24
विवाह योग्य युवक-युवतियों की सूची	25
आवश्यक सूचनाएं व पत्रिका नहीं मिलने पर सम्पर्क सूत्र	26
प्रेम देवी बनी वॉल पेंटिंग आर्टिसट	27
श्री महेन्द्र कुमार कुमावत को पीएचडी की डिग्री प्रदान	27
विज्ञापन	28
श्रद्धांजलि विज्ञापन	29
बधाई विज्ञापन	30

दीपावली पर एक अपील

'कुमावत इंडिया पत्रिका' के सदस्यगणों, पाठकों, समाज बंधुओं एव प्यारे देशवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। दीपावली के इस पावन पर्व को प्रेम, सौहार्द एवं भाईचारे के साथ ससम्मान आपस में मिलकर मनाएं। खासकर बच्चों से अपील है कि वे पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ग्रीन पटाखों का प्रयोग करें। पटाखें चलाएं भी तो कम आवाज वाले पटाखें ही चलाएं, ताकि आस-पास कहीं प्रदूषण न फैले जिससे बेवजह किसी को परेशानी न हो। छोटे बच्चों, बीमार तथा वृद्धजनों के आस-पास पटाखों का शोर-शराबा करने से परहेज करें। अस्थमा और सांस के रोगियों की परेशानियां प्रदूषण के कारण अत्यधिक बढ़ जाती हैं। ऐसे में सभी की भावनाओं की कद्र करते हुए प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाएं।

दीपावली के अवसर पर न सिर्फ मिठाइयों में बल्कि खाने-पीने की चीजों जैसे दूध, पनीर, मावा इत्यादि में भी मिलावट हो सकती है। इसीलिए आप इनको खरीदते समय विशेष सावधानी बरतें और बिल के साथ खरीदे, नशे से परहेज करें और वाहन नियम अनुसार ही चलाएं।

स्वदेशी मिट्टी के दीए जलाएं, रंगोली बनाने के लिए हल्दी, रोली, चावल आदि का प्रयोग करें। घर को सजाने के लिए प्राकृतिक फूल पत्ती का प्रयोग करें। चाइनीज सामान का बहिष्कार करें। पत्रिका की अपील है कि प्रकाश पर्व को दीप जलाकर ईको फ्रेंडली तरीके से मनाएं और प्रत्येक व्यक्ति यह संकल्प लें कि दीपावली पर असहाय व जरूरतमंद लोगों के बीच जाकर त्योहार की खुशियां बांटने का काम करें तथा दीपावली पर्व को पूरे उत्साह व आनंद के साथ मनाएं। इसी में इस पर्व की पूर्ण सार्थकता है।

-एडवोकेट रामप्रकाश कुमावत (मारोठिया)
अध्यक्ष, 'कुमावत इंडिया' पत्रिका

मुकेश वर्मा के प्रयास सार्थक

● स्थापत्य कला बोर्ड का प्रथम अध्यक्ष मुकेश वर्मा बने ● छात्रावास हेतु गोविन्दपुरा में भूमि आवंटित



जयपुर, 10 अक्टूबर, 2023। श्री मुकेश वर्मा (कुमावत) पुत्र श्री बाबूलाल मारोड़िया जो राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य हैं, को राजस्थान सरकार ने **स्थापत्य कला बोर्ड** का प्रथम अध्यक्ष तथा श्री कैलाश कुमावत को उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। दोनों ने अपना कार्यभार 10 अक्टूबर, 2023 को मध्याह्न पूर्व ग्रहण कर लिया है। श्री मुकेश वर्मा को राज्य मंत्री का दर्जा दिया गया है। इस समाचार को सुनकर कुमावत समाज में हर्ष की लहर दौड़ गई।

कुमावत समाज के पास अपने बेटे-बेटियों को पढ़ाने के लिए राजस्थान की राजधानी जयपुर में कोई छात्रावास नहीं था। **श्री कुमावत शिक्षा कोष ट्रस्ट (रजि.)** द्वारा छात्रावास हेतु रियायती दर पर भूखण्ड आवंटित करने हेतु आवेदन किया था, जिसे सरकार द्वारा कैबिनेट मीटिंग में शामिल कर आरक्षित दर के 10% भुगतान पर 2500 वर्गमीटर तक की भूमि आवण्टित करने की स्वीकृति दी। कुमावत समाज को जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा गोविन्दपुरा, कालवाड़ रोड, जयपुर में 2500 मीटर भूमि आवंटित कर दी है। इसका भुगतान लगभग 70 लाख रुपए जेडीए में जमा कराकर भूमि का कब्जा ले लिया गया है। इस भूखण्ड का वर्तमान में अनुमानित बाजार मूल्य 40-50 करोड़ रुपए है।

इसके लिए भागीरथी प्रयास पीसीसी सचिव श्री मुकेश वर्मा ने किए हैं तथा चंद महीनों में सरकार से यह भूमि दिलवा दी है। श्री मुकेश वर्मा भीलवाड़ा के प्रभारी भी है और सहाडा उपचुनाव इनके प्रभारी रहते हुए चुनाव प्रचार के दौरान भीलवाड़ा के कुमावत समाज को भी मुकेश वर्मा जी ने आश्वस्त किया था कि 'लंबे अरसे से लम्बित छात्रावास हेतु भूमि की माँग को पूरा करवाया जायेगा, आप एकजुट होकर प्रयास करें।' श्री मुकेश वर्मा के प्रयासों से भीलवाड़ा के कुमावत समाज को भी सरकार द्वारा आरक्षित दर के 10% भुगतान पर 955 वर्गमीटर भूमि छात्रावास हेतु आवंटित करने की स्वीकृति दे दी है।

श्री मुकेश वर्मा को राज्य सरकार द्वारा स्थापत्य कला बोर्ड का अध्यक्ष (राज्य मंत्री) बनाए जाने पर गोविन्दपुरा कालवाड़ रोड जयपुर समिति के तत्वावधान में इनका अभिनन्दन समारोह जीण पैराडाइज में रखा गया जिसमें इस संस्था तथा कुमावत समाज के जयपुर, सीकर, बगरू, जोबनेर तथा आसपास के क्षेत्रों से गणमान्य लोगों ने पधारकर श्री मुकेश वर्मा को बधाई देते हुए उनका अभिनन्दन किया। इस अवसर पर श्री मुकेश वर्मा ने बताया कि इसका प्रथम श्रेय राजस्थान के यशस्वी मुख्यमन्त्री श्री अशोक गहलोत जी तथा कुमावत महापंचायत में समाज द्वारा दिखाई गई एकजुटता को भी है।

छात्रावास के लिए भूमि आवंटन तथा श्री मुकेश वर्मा को स्थापत्य कला बोर्ड के अध्यक्ष बनाए जाने पर माननीय श्री अशोक गहलोत मुख्यमंत्री का हार्दिक आभार।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से श्री मुकेश वर्मा को हार्दिक शुभकामना।

कुमावत प्रगति ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी

कुमावत प्रगति ट्रस्ट की 16 अक्टूबर, 2023 को मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें नई कार्यकारिणी चुनी गई। अध्यक्ष पद पर श्री राम प्रकाश मारोठिया एडवोकेट तथा उपाध्यक्ष श्री राम प्रकाश मारवाल चुने गये। श्रीमती भारती तोंदवाल (मंत्री) तथा श्री लक्ष्मी नारायण घोड़ीवाल (कोषाध्यक्ष) पूर्व की भांती रहेंगे। निवर्तमान अध्यक्ष श्री रमेश चन्द कुमावत (गैदर) को 'कुमावत इंडिया' पत्रिका का **सम्पादक** बनाया गया। श्री जयकिशन सोकिल को **संरक्षक** तथा श्री सुरेन्द्र कुमार वर्मा (नागा) को **मुख्य सलाहकार** मनोनीत किया गया। **सम्पादक मण्डल** में श्रीमती उर्वशी बालोदिया (लेखिका), श्री लक्ष्मीनारायण सिरस्वा तथा श्रीमती प्रिया मारवाल एसोसिएटेड प्रोफेसर मनोनीत किया गया है। **व्यवस्थापक मण्डल** सदस्यों में श्री लालचन्द धुंधारिया, राजेश मारोठिया, सुरेन्द्र मारोठिया एवं श्री महेश जलान्धरा को फिर से लिया गया। श्री प्रभुदयाल तुनगरिया (किशनगढ़) व श्री रवि बेडवाल (ब्यावर) को **पत्रिका सहयोगी एवं प्रभारी** मनोनीत किया गया है। नवीन पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई।

- सह सम्पादक

आर्टिस्ट डॉ. राम सिंह राजोरिया

विश्व की सूक्ष्मतम श्रीमद्भागवत गीता लिख किया अद्भुत कारनामा

बुक साइज 10 मिमी ×10 मिमी (प्लेट साइज साढ़े 3 इंच × 5 इंच)

जयपुर के आर्टिस्ट राम सिंह राजोरिया ने 2 साल के अथक प्रयास के बाद साढे 3 इंच × 5 इंच साईज में श्रीमदभागवत गीता लिखकर अद्भुत कारनामा किया है।

माइक्रो आर्ट के शौकीन आर्टिस्ट रामसिंह कई ऐसी चीजें बना चुके हैं जिन्हें देखकर लोग दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर हो जाते हैं। इस तरह का अद्भुत चमत्कारिक कार्य श्रीकृष्ण भगवान एवं गुरु के आशीर्वाद के बिना होना संभव ही नहीं है। श्रीमद्भागवत गीता के 18 अध्याय 700 श्लोक इतनी बारीकी से प्लेट पर उकेरे गए हैं जिन्हें नंगी आंखों से देख पाना असम्भव है तथा 50 गुना बड़ा करने पर ही ये श्लोक पढ़े जा सकते हैं। कई विश्व कीर्तिमान व अनेक संस्थाओं व संस्कृत के विद्वानों एवं राज नायकों द्वारा विश्व की सूक्ष्मतम श्रीमद्भागवत गीता को श्रेष्ठतम सम्मान दिया गया है।

स्वभाव से सरल रामसिंह जी बताते हैं की **श्रीमद्भागवत गीता** उनके द्वारा किए गए कार्यों में सर्वश्रेष्ठ है। वे चाहते हैं कि इस सूक्ष्मतम गीता को विश्व में उचित सम्मान मिले।

इन्टरनेशनल बुक आफ रेकॉर्ड्स संस्था ने आर्टिस्ट श्री रामसिंह राजोरिया को विश्व की सूक्ष्मतम **श्रीमद्भागवत गीता** लिखने के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया है। WEBBIC UNIVERSITY, GHANA द्वारा 1 अक्टूबर, 2023 को श्रीराम सिंह राजोरिया को माइक्रो कार्य तथा विश्व की सूक्ष्मतम हस्तलिखित भागवत गीता लिखकर रिकॉर्ड तोड़ने के उपलक्ष्य में डॉक्टरेट की मानद उपाधी से सम्मानित किया है।

आर्टिस्ट रामसिंह ने पिछले 30 वर्षों में अनेक ऐसे कार्य किए हैं जो बेहद चकित कर देने वाले हैं। चावल के दानों पर उन्होंने 4000 अक्षर, 203 हाथी, राष्ट्रगान, दी टेन कमांडमेंट, 21 गणेशजी, विश्वविख्यात लोगों के पोर्ट्रेट, णमोकार मंत्र, गायत्री मंत्र आदि उत्कीर्ण किए हैं।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से आर्टिस्ट श्री रामसिंह राजोरिया को इस अनूठी उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई।

Ram Singh Rajoria
9352148279

Shanti Raj

Rohit Rajoria
9314522756

KENT
Health Care
PRODUCTS

House of
Purity

विज्ञापन

Shanti Raj Associate

(Auth. Distributor & Service Centre For KENT R.O.)
(Deals in All Type of : Domestic & Commercial R.O.)

Near Sanganer Fly Over, Pratap Nagar, Sanganer, Tonk Road Jaipur

E-mail : shantirajassociate@gmail.com

31वाँ मास्टर भौंरी लाल वर्मा स्मृति समारोह

कुमावत समाज के अग्रपुरूष मास्टर भौंरी लाल वर्मा वर्मा की 109वीं जयन्ती पर उनकी स्मृति को अक्षुण्ण बनाये रखने एवं चिरस्मरणी सेवाओं की निरन्तरता में 24 सितम्बर, 2023 को गूर्जर की थड़ी, जयपुर पर 31वाँ मास्टर भौंरी लाल वर्मा स्मृति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वश्री रामजीलाल वर्मा, रामपाल जूनवाल, हरीष कुमार वर्मा, प्रबोध चन्द्र कुमावत, किशोर कुमार देवतवाल, बनवारी लाल तोंदवाल, राजेन्द्र प्रसाद जूनवाल, राधेश्याम तोंदवाल, रामधन देवतवाल, रविकान्त वर्मा ट्रस्टीगण के अलावा समाज के गणमान्य बन्धुओं ने मास्टरजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रृद्धा सुमन अर्पित किये।

इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष श्री रामजीलाल वर्मा द्वारा मास्टर जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विचार व्यक्त करते हुए बताया कि मास्टर जी जीवन पर्यन्त शैक्षणिक कार्यो के साथ साथ समाज सेवा में जुटे रहे। मास्टरजी प्रतिभावान एवं निर्धन विद्यार्थियों को मार्गदर्षन एवं आर्थिक सहायता, शैक्षणिक शुल्क, पाठ्य पुस्तकों आदि की व्यवस्था करना ही अपना धर्म समझते थे। उनके बारे में राजस्थान विश्वविद्यालय के इतिहास में आज भी स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है कि मास्टर साहब की वांछित शैक्षणिक योग्यता नहीं होने के उपरान्त भी 60 वर्ष पूर्ण करने के उपरान्त भी दो वर्ष की सेवाभिवृद्धि करते हुए एक्स कॉडर पदोन्नति देकर सहायक कुलसचिव के पद पर पदोन्नत किया गया।

इस वर्ष ट्रस्ट द्वारा एक एन.जी.ओ. 'मस्ती की पाठशाला' के फाउण्डर श्री अनुज श्रीवास्तव के साथ कच्ची बस्तियों में रहने वाले, कचरा बीनने, भीख मांगने वाले एवं अभद्र भाषा बोलने वाले नन्ने-मुन्ने बच्चों एवं जरूरत मन्द महिलाओं को सभ्य, साक्षर एवं संस्कारित कर देश की मुख्य धारा से जोड़ने का अथक एवं सफल प्रयास किये जाने की अनूठी पहल की है। इसके ट्रस्ट द्वारा भिक्षावृत्ति के खिलाफ मुहिम चलाकर कच्ची बस्तियों में रहने वाले जरूरत मन्द बच्चों एवं महिलाओं को विभिन्न कार्यशालाओं से यथा पतंग की कार्यषाला, मिट्टी की कार्यशाला एवं कपड़े के थैले बनाने की कार्यशाला आदि से जोड़ने का कार्य किया। ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा इस वर्ष दीपावली पर मिट्टी की कार्यशाला में बने हुए दीपकों से दीपावली पर दीपक जलाने के साथ साथ 51 पैकेट (एक पैकेट में 100 दीपक, एक बड़ा दीपक एवं एक कलश) लेकर निर्धन परिवारों में वितरित किये जाने का निर्णय लेकर सहयोग प्रदान किया गया। ट्रस्टीगणों के परिवार से 51 साड़ियाँ एकत्रित कर थैले बनाने की कार्यशाला के लिए उपलब्ध कराया गया है।

कार्यक्रम में ट्रस्ट से पूर्व में लाभान्वित हुए श्री सोहन लाल कुमावत द्वारा अपनी ओर से ट्रस्ट को छात्रवृत्ति के रूप में दस हजार रूपये की राशि उपलब्ध करवायी। इस राशि से कार्यक्रम के दौरान ही निर्धन एवं प्रतिभावान दो छात्राओं को छात्रवृत्ति के रूप में वितरित की गई। श्री सोहन लाल ने अपने वक्तव्य में बताया कि वे कभी भी मास्टरजी से नहीं मिले, लेकिन उनके चित्र को देखने मात्र से ही अनुभव होता है कि वे तत्समय कितने विलक्षण प्रतिभा के धनी होंगे! जिनको इतने वर्षो बाद भी समाज के ही नहीं वरन अन्य समाज के लोग याद करते हैं। - **रविकान्त वर्मा,** मंत्री

कारगिल शहीद सीताराम कुमावत का 49वाँ जन्मदिवस 30 प्रतिभाओं को सम्मानित किया

शहीद सीताराम कुमावत जनसेवा संस्थान के तत्वावधान में पलसाना के कन्हैयालाल ताम्बी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शहीद स्मारक पर माल्यार्पण व विद्यालय की प्रतिभाओं का सम्मान कर कारगिल अमर शहीद ग्रेनेडियर सीताराम कुमावत का 49वाँ जन्मदिवस मनाया गया। संस्थान अध्यक्ष नवीन सिरस्वा ने बताया कि खेल व शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल तीस विद्यार्थियों व शिक्षकों को मोमेंटो व कलम प्रदान कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वीरांगना श्रीमती सुनीता जी, पुत्र आशीष जी, कोषाध्यक्ष राजेश जी कुदाल, सचिव मुकेश जी नेमिवाल, प्रधानाचार्य मदनलाल जी यादव, कमल जी मीणा, सुभाष जी बिजारणियां, रामचंद्रजी बिजारणियां, बृजेश जी यादव, पंच बाबूलाल जी, प्रकाश जी राजोरिया, सीताराम जी दम्मीवाल, लालचन्द जी स्वामी, रामोतार जी शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग व विद्यार्थी उपस्थित थे।

बाबूलाल कुमावत को स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय पुरस्कार 2023 प्रदान

श्री बाबूलाल कुमावत निवासी पंचायत समिति बस्सी नागा ने शिक्षा, नवाचार एवं स्किल डवलपमेंट के कार्यों को कर अपना अहम योगदान दिया है। इन्हें अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है जिसमें जयपुर रत्न सम्मान भी सम्मिलित है।

शक्ति फिल्म प्रोडक्शन एवं शक्ति हेल्पिंग हैण्ड के संयुक्त तत्वावधान में हाल ही में इन्हें स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय पुरस्कार-2023 से सम्मानित किया गया है।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से श्री बाबूलाल कुमावत को यह सम्मान दिए जाने पर हार्दिक बधाई।

कुमावत समाज, सूरत द्वारा गौ-सेवार्थ भजन संध्या का आयोजन

राजस्थान क्षत्रिय कुमावत समाज, सूरत द्वारा हर वर्ष कि भांती जय बाबा रामदेव छटी विशाल पैदल यात्रा के उपलक्ष में गौ-सेवार्थ भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने बाबा के भजनों का आनन्द लिया व समाज बन्धुओं ने श्रद्धानुसार एक लाख से अधिक रु. का गौदान दिया। समाज के स्नेह मिलन में स्वजातीय समाजबंधु सपरिवार शामिल हुए। इस कार्यक्रम के भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा, गुजरात प्रदेश अध्यक्ष श्री कैलाश जी घोड़ावड़ मुख्य अतिथि थे। आयोजकों ने उन्हें राजस्थान कि आन बान शान साफा व दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। श्री घोड़ावड़ ने अपने वक्तव्य में समाज के युवाओं को सही दिशा मे कार्य करने को प्रेरित किया व सोशल मीडिया से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया। उन्होंने शिक्षा व राजनीतिक के क्षेत्र में भी युवाओं को आगे आने कि अपील की तथा अगले वर्ष समाज के जितने भी बच्चे 80 प्रतिशत व अधिक अंक लाएंगे उन्हे सम्मानित किया जाएगा। अतिथि के रुप में युवा संगठन सूरत के अध्यक्ष कैलाश किरोड़ीवाल व समाजसेवी प्रवीण चंदोरा, समाजसेवी रामलाल, आयोजकगण तथा समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए।

त्रिवेणी धाम में 151 प्रतिभाओं का सम्मान

श्री क्षत्रिय कुमावत समाज सामूहिक विवाह विकास समिति की ओर से त्रिवेणी धाम में 2 अक्टूबर को कुमावत धर्मशाला में श्री रामरिछपाल दास जी महाराज के सानिध्य में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

बोर्ड, महाविद्यालय एवं आईटीआई में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण, खेल-कूद में अव्वल आने वाले तथा राजकीय सेवाओं में चयनित 151 से अधिक समाज प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विमल कुमावत देवीलाल आई हॉस्पिटल, चौमूं थे तथा अध्यक्षता श्री अशोक कुमार मारवाल द्वारा की गई। अतिथियों ने समाज में महिला शिक्षा पर विशेष जोर दिया तथा कहा कि प्रतिभाएं देश की पहचान होती हैं। इस कार्यक्रम में श्री माधोपुर, रिंगस, खेतड़ी, नीम का थाना, सीकर, खण्डेला, सामोद, बहरोड, अलवर, अजीतगढ़ तथा कोटपूतली के लोगों का सम्मान हुआ।

कार्यक्रम में उद्योगपति कमल कुमावत, मोहनलाल, अमरचन्द कुमावत, राकेश तूंदवाल, संतोष कुमावत, रामकिशोर, अमरचन्द, जगदीश प्रसाद, गंगाराम, मालीराम, मातादिन कुमावत तथा रामेश्वर लाल आदि ने भी शिरकत की।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से श्रीमती भारतीय तोंदवाल सचिव भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुई।

44 खेड़ा बलूंदा पट्टी (जैतारण) में आम सभा

कुमावत समाज संस्थान,ब लूंदा ग्राम जैतारण की आम सभा 44 खेड़ा के न्याती नोहरे में आयोजित हुई, अध्यक्ष सगनाराम माननीया के अनुसार समाज सुधार व शिक्षा को लेकर पंच-पटेलों ने भाग लिया। बैठक में संस्थान के उद्देश्यों में सुधार, परिसीमा वृद्धि तथा व्याप्त कुरीतियों को हटाने को लेकर चर्चा हुई।

राम स्तम्भ स्थापित होंगे

अयोध्या जी से रामेश्वरम तक भगवान श्री राम जी के, गमन पथ के 290 स्थानों पर इस प्रकार के ऐतिहासिक भगवान श्री राम स्तम्भ लगेंगे। जिन पर, हमारे धर्म इतिहास ग्रन्थों का वर्णन अंकित होगा।

श्रीमती कृष्णा कुमावत ने यूजीसी नेट परीक्षा-2023 में उत्तीर्ण

मदनगंज किशनगढ़ निवासी श्रीमती कृष्णा कुमावत पत्नी श्री वेदप्रकाश कुमावत (तोंदवाल) ने शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित यूजीसी नेट परीक्षा-2023 में 94.60% अंकों के साथ उत्तीर्ण की है।

श्रीमती कृष्णा कुमावत सीकर जिले की दातां रामगढ़ तहसील के ग्राम गोवटी निवासी श्री राम गोपाल कुमावत की पुत्री है, इन्होने प्रारंभिक शिक्षा ग्रामीण अंचल के राजकीय विद्यालय में प्राप्त की। विवाह उपरान्त आम गृहिणी के रूप में कार्य करते हुए, दो बच्चों व परिवार की सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए, स्नातक व स्नातकोत्तर कला संकाय से तथा बी.एड. किया। मदनगंज-किशनगढ़ में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में श्रीमती कुमावत को समाज द्वारा सम्मानित किया गया।

श्रीमती कुमावत ने दस वर्ष पूर्व मदनगंज-किशनगढ़ में महिलाओं एवं बालिकाओं में जनजागृति पैदा करते हुए, कुमावत समाज की स्थानीय सामाजिक इकाईयों में महिला मण्डल का गठन किया, जो आज भी गतिशील व सक्रिय है। **कुमावत समाज महिला मण्डल, मदनगंज-किशनगढ से प्रेरित होकर प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर कुमावत समाज के महिला मण्डल बनने लगे।**

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से श्रीमती कृष्णा कुमावत को यूजीसी नेट परीक्षा-2023 में उत्तीर्ण होने पर हार्दिक बधाई।

पिंकी कुमावत को पीएचडी उपाधि प्रदान

पिंकी कुमावत, एम.कॉम, एम.फिल. ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर से **महिला के आर्थिक व सामाजिक विकास में सहकारी बैंकों की भूमिका** पर प्रो. (डॉ.) उन्मेरवा तारे के निर्देशन में शोध किया है। इनकी शोध से बैंकों के प्रति महिलाओं में जागरूकता आएगी, महिला उद्यमिता क्षेत्र में वृद्धि होगी तथा महिलाओं का सामाजिक और आर्थिक विकास होगा।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका की ओर से पिंकी कुमावत को पीएचडी की डिग्री मिलने पर हार्दिक बधाई।

कविता कुमावत सुपुत्री श्री सुभाष चन्द्र कारगवाल निवासी ततारसर का Central Excise Customs and GST Inspector के पद पर नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई।

सुमन कुमावत पत्नी श्री अजय कुमावत , गांव पिचानवा,सूरजगढ़ झुंझुनूं का अध्यापक लेवल-1 में चयन होने पर बधाई।

श्री गोपाल कुमावत ने 21 लाख 'राम' नाम लिखे

श्री गोपाल कुमावत मारवाल निवासी मानसिंहपुरा, जयपुर ने 30 वर्ष पहले 'राम' के 21 लाख नाम लिखने का संकल्प लिया था। इन्होने यह लक्ष्य पूर्ण कर लिया है। उनका कहना है कि वे इस कार्य को जारी रखे हुए है उससे उन्हें सन्तुष्टि मिलती है। इस उपलब्धि पर श्री गोपाल कुमावत को हार्दिक बधाई।

पवन कुमावत CAG लेखाकर नियुक्त

Controller and Auditor General of India में देव लाइब्रेरी कुचामन सिटी के अभ्यर्थी श्री पवन कुमावत सुपुत्र मोहनलाल जी भोभरिया भोफा का बास का लेखाकर के पद पर चयन होने पर हार्दिक बधाई।

अंजु कुमावत पुत्री श्री पेमा राम जी बारावाल , निवासी भादवा, तहसील की. रेनवाल, जिला जयपुर ग्रामीण का सैकेंड ग्रेड संस्कृत में चयन होने पर बधाई।

निर्मला व पायल का राज्य स्तर पर रगबी फुटबाल के लिए चयन

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नावां सिटी की छात्रा निर्मला कुमावत पुत्री महेन्द्र कुमार और पायल कुमावत पुत्री बजरंग लाल का 19 वर्षीय छात्रा रगबी फुटबाल प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयन किया गया है। निर्मला कुमावत स्वयं विद्यालय टीम की कोच व कप्तान है तथा विद्यालय में शारीरिक शिक्षक का पद रिक्त होने के बावजूद भी इस विद्यालय को खेल क्षेत्र में लगातार सफलता मिल रही है।

'**कुमावत इंडिया**' पत्रिका की ओर से निर्मला कुमावत व पायल कुमावत को हार्दिक बधाई।

कुमावत समाज इंदौर का मिलन समारोह

13 अक्टूबर को कुमावत समाज का मिलन समारोह इंदौर में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिलीप चौधरी तथा भाजपा किसान मोर्चा मण्डल उपाध्यक्ष साँवेर नेमीचंद कारवाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस समारोह में भजन संध्या के साथ सहभोज का भी आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे कुमावत समाज के वरिष्ठजनों नवयुवकों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष श्री मनीष जी चौरमा ने कुमावत समाज सभी साथियों का आभार व्यक्त किया।

भामाशाह बालचन्द गेंदर ने छात्रावास हेतु दिए 3 लाख 50 हजार रुपए

चित्तौड़गढ़ में निर्माणाधीन श्री चारभुजा कुमावत समाज छात्रावास में कमरा निर्माण के तहत भामाशाह श्री बालचंद जी पिता स्वर्गीय श्री गिरधारी लाल जी गेंदर ने 50 हजार रुपए की सातवीं किस्त जमा कराई। इनके द्वारा कुल राशि 3 लाख 50 हजार रुपए जमा कराए जाने पर समिति ने गेंदर परिवार का हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

उज्ज्वल धनेरिया भाजपा युवा मोर्चा नगर उपाध्यक्ष नियुक्त

साँवेर भारतीय जनता पार्टी इंदौर जिला अध्यक्ष श्री घनश्याम नारोलिया, साँवेर विधायक, जलसंसाधन मंत्री मध्यप्रदेश श्री तुलसीराम सिलावट व भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री मनोज ठाकुर की अनुशंसा पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष श्री विकास हारोड़ द्वारा केशरीपुरा, साँवेर निवासी श्री उज्ज्वल धनेरिया को नगर उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। इनकी इस नियुक्ति पर कुमावत समाज के वरिष्ठ व भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री दिलीप जी चौधरी, नगर परिषद अध्यक्ष श्री संदीप जी चंगेडिया, भाजपा किसान मोर्चा मण्डल उपाध्यक्ष श्री नेमीचंद कारवाल, श्री पवन भदानिया, श्री मनोहरलाल कारवाल, श्री रमेशचंद्रजी धनेरिया रम्मू दा, श्री सुनील धनेरिया आदि ने इन्हे बधाई दी है।

महेश की 'सनातन' पेंटिंग को राज्य स्तर का पुरस्कार

राजस्थान ललित कला अकादमी की 64वीं वार्षिक कला प्रदर्शनी में श्री महेश कुमार कुमावत निवासी किशनगढ़ की **सनातन** पेंटिंग को निर्णायक मण्डल ने राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए चयन किया। प्रदर्शनी में राज्यभर से 169 कलाकारों की 505 पेंटिंग व मूर्ति शिल्प प्रदर्शित हुए थे। कुल 10 कलाकारों की पेंटिंग चयनित हुई थी। इन कलाकारों का 25-25 हजार रुपए के नगद पुरस्कार, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

चित्रकार महेश कुमावत पूर्व में राष्ट्रीय कालीदास अकादमी द्वारा आयोजित समारोह में सर्वश्रेष्ठ चित्रकारी के लिए सम्मान पा चुके हैं। इसके अलावा भी कला के क्षेत्र में इन्होंने अनेक पुरस्कार अर्जित किए हैं। श्री महेश का कहना है कि युवाओं को रूचि के साथ चित्रकारी के क्षेत्र में अपना बेहतर करियर बनाकर कला की चमक को बिखरने का कार्य करना चाहिए।

कमलेश कुमावत की चाकू से गोद कर हत्या

कोटा की छावनी के भोई मोहल्ले में एक नशेड़ी युवक वीरू भोई ने सरेराह चलने वाली कमलेश कुमावत के गले पर चाकू से तीन-चार बार वार करके हत्या कर दी। लहुलूहान महिला तड़पते हुए बचाने के लिए चिल्लाती रही। उस जगह वहां सैंकड़ों लोग आ-जा रहे थे। हत्या के बाद युवक बहुत देर तक वहां खड़ा होकर चाकू लहराता रहा और चला गया, किन्तु डर के कारण उसे कोई बचाने नहीं आया। बाद में पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर हत्या का केस दर्ज कर लिया।

35 वर्षीय कमलेश कुमावत घरों में साफ सफाई का काम करती थी, उसके पति ड्राइवर है तथा उनके तीन बच्चे हैं। इस प्रकरण में समाज को जागरूक रहकर पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि सरकार से दिलाने के लिए संघर्ष करें।

त्रुटि संशोधन : 'कुमावत इंडिया' पत्रिका के सितम्बर, 2023 के अंक में पेज नं. 29 पर भौंरी लाल धून्धारिया की श्रद्धांजलि की तीसरी पंक्ति में 'राहुल-मानसी' नाम छपा था। इसे कृपया 'राहुल' पढ़ा जावे।

-लाल चन्द धुंधारिया

तीर्थराज 'श्री मणिकर्ण' का महात्म्य

एक समय श्री शंकर भगवान माता पार्वती के साथ विहार करते हुए मणिकर्ण के इस सुरम्य स्थान पर आए। इस स्थान का अनुपम सौंदर्य और प्रकृति की मनोहारी सुंदरता को देख कर यहां ठहर गये और यहां भगवान शिव 11000 वर्ष तक तपस्या में लीन हो गए।

एक समय जल-क्रीडा करते हुए माता पार्वती जी के कान के आभूषण की मणि जल में गिर गई भगवान शिव के आदेश पर शिवगणों ने मणि को सब जगह ढूंढा , लेकिन मणि कहीं नहीं मिली इस पर भगवान शिव क्रोधित हो गए, देवता भयभीत हो गए, पूरा ब्रह्मांड कांप गया।

भगवान शिव ने अपना तीसरा नेत्र खोला, तीसरे नेत्र से नैना भगवती प्रकट हुई और देवताओं को बताया कि आभूषण की मणि शेषनाग के पास है देवताओं की प्रार्थना पर शेषनाग ने मणि लौटाने के लिए जोर से फुफकार छोड़ा, जिससे इस स्थान पर पृथ्वी से उबलते हुए गर्म पानी की विशाल धारा फूटी।

उस धारा से पार्वती जी के कान के आभूषण की मणि निकल आई और शिवजी का क्रोध शांत हुआ। इस कारण इस स्थान का नाम 'मणिकर्ण' पड़ा। शिवजी को यह स्थान इतना प्रिय रहा कि काशी में अपने घाट का नाम मणिकर्णिका घाट रखा।

कालान्तर में यहां अनेक ऋषि-मुनियों, योगियों व महात्माओं ने शिवजी की तपस्या करके सिद्धियां प्राप्त की।

16वीं शताब्दी में कुल्लू क्षेत्र के राजा जगतसिंह द्वारा ब्रह्महत्या दोष के प्रायश्चित करने के लिए अश्वमेध यज्ञ हेतु, अयोध्या से भगवान श्री रामजी के विग्रह को स्थापित करने के लिए इस पुण्य क्षेत्र में मंदिर बनवाया और अपना समस्त राजपाट भगवान श्रीराम जी के चरणों में अर्पित कर स्वयं को भगवान के दास के रूप में मानकर राज्य कार्य किया, यह प्रथा आज तक चली आ रही है।

भगवान श्री शंकर जी की महिमा प्रत्यक्ष रूप में मणिकर्ण में जगह-जगह पृथ्वी से निकलते हुए उबलते गर्म पानी के फव्वारे के रूप में देखने को मिलती हैं। यह पवित्र जल धारा आध्यात्मिक और भौतिक गुणों से युक्त है। माना जाता है कि इस गर्म जल में स्नान करने पर जन्म-जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं और शरीर के अनेक रोगों से भी मुक्ति मिलती है।

आज इस कलियुग में यह 'मणिकर्ण तीर्थ' सब सिद्धियां प्रदान करने वाला और सहज ही मोक्ष देने वाला है।

- मुरली मनोहर 'अकिंचन'

मणिकर्ण में 13-19 मार्च 2024 तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा। इसमें पावन सानिध्य एवं कथा रस प्रवाह श्रद्धेय श्री अकिंचन जी द्वारा होगा जो भक्त इसका आनन्द लेना चाहें वे कृपया बुकिंग हेतु श्री गौरीशंकर मित्तल व श्री सुरेश बंसल से मो. नं. 9314651703, 9414956668 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

- कृष्ण स्वरूप बूब, हरिनाम संकीर्तन परिवार, मो. 9828015993

सीनियर सिटीजन और सुखी परिवार

एक बार एक वृदध (सीनियर सिटीजन) अपने परिवार की उपेक्षा से परेशान हो एक संत के पास पहुंचे जिनका दूर-दूर तक अच्छा नाम था। वृद्ध ने संत से अपनी व्यथा कही तथा पूछा कि शेष जीवन कैसे सुखमय जीया जाये ? संत ने आंखे बंदकर कुछ देर सोचा तथा कुछ सूत्र बताते हुए कहा कि इसका पालन करोगे तो परिवार के सभी लाग आपका सम्मान करेंगे तथा शेष जीवन अच्छा बीतेगा—

1. वृद्धावस्था में खाली नहीं बैठे, कुछ न कुछ काम करते रहें। इससे स्वयं व्यस्त रहेंगे तो स्वस्थ भी रहेंगे तथा परिवार की छोटी-मोटी बातों की ओर ध्यान नहीं जायेगा।

2. कम बोले, क्योंकि अधिक बोलने से घर का माहौल बिगड़ने की सम्भावना रहती है तथा स्वयं की शक्ति भी क्षीण होती है।

3. सलाह तब ही दें जब आपसे कोई मांगे। क्योंकि जब बेटे-बहु बड़े होकर योग्य हो जाते हैं तो वे अपने अनुसार घर चलाना चाहते हैं। इसलिए आवश्यक नहीं की आपकी सलाह उन्हें ठीक लगे।

4. वृद्धावस्था में शरीर शिथिल हो जाता है तो सहनशक्ति को बढ़ायें। हो सकता है कि परिवार द्वारा लिए गये निर्णय आपको सही नहीं लगे पर सहनशील रह कर आप परिवार के साथ जुड़कर रह पायेंगे।

5. पोते-पोतियों के साथ मेलजोल बढ़ायें तथा खेल कर उनका मनोरंजन करें, इससे घर के बच्चों का आपसे लगाव बढ़ेगा।

6. घर के सदस्यों की आलोचना अपने रिश्तेदारों या बाहरी लोगों से नहीं करें। क्योंकि ये बातें लौटकर परिवारजनों के पास आयेगी तो आपको असहज कर देगी तथा परिवारजनों की नजरों में आपकी इज्जत घट सकती है।

उस वृद्ध व्यक्ति ने संत के बताए सूत्रों का पालन किया तो परिवारजनों का प्रिय बन गया तथा उसे परिवार से सम्मान मिलने लगा। इससे वह प्रसन्न रहने लगा व शेष जीवन अच्छा गुजरा।

'कुमावत समाज भवन' मालवीय नगर, जयपुर के लिए दो शब्द...

कुमावत क्षत्रिय समाज विकास समिति, मालवीय नगर, जयपुर हमारे समाज की जानी मानी समिति है। हाल ही में समिति की नवीन कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। नवगठित कार्यकारिणी के निर्विरोध निर्वाचन पर बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। वर्तमान कार्यकारिणी की एक प्रमुख विशेषता यह है कि पहली बार अध्यक्ष पद पर महिला सदस्य को निर्वाचन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यह नारी शक्ति को समकक्ष रखकर समाज के सम्पूर्ण वर्ग के उत्तरोत्तर विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा सकता है। निश्चित रूप से हमारे समाज की महिलाओं को इससे आगे बढ़ने, सामाजिक क्रियाकलापों में अपनी सहभागिता व सहयोग बढ़ाने व सामाजिक संगठनों में प्रतिनिधित्व करने जैसी भावनाओं को बल व शक्ति मिलेगी। हालांकि जब पद मिलते हैं तो साथ में दायित्व भी मिलते हैं मगर मैं विश्वास से कह सकती हूँ कि जिस प्रकार समिति की भूतपूर्व कार्यकारिणियां अपने दायित्वों को बखूबी निभाती आई है तथा समाज में एक मिसाल के तौर पर अपना स्थान बनाया है उसी प्रकार वर्तमान कार्यकारिणी भी अपनी ओर से सर्वोत्तम कार्यशीलता का उपहार समाज को देगी। आज जब विषय मालवीय नगर समिति का उठा है तो हम इस समिति के निर्माण, विकास तथा उपलब्धियों के विषय में बात करते हैं। कुमावत क्षत्रिय समाज विकास समिति मालवीय नगर जयपुर का गठन 15 अगस्त, 1996 को हुआ। इस समिति का कार्य क्षेत्र छोटा होने के कारण इसकी सदस्य संख्या भी बहुत कम रही। फिर भी समिति द्वारा समय-समय पर प्रतिभा सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताए, सामूहिक गोठ, मेडिकल कैम्प आदि विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। सामाजिक समारोहों के दौरान जो व्यवस्था, सौहार्द्रपूर्णता तथा शालीनता मैंने मालवीय नगर समिति के तत्वावधान में हुए कार्यक्रमों तब से अब तक देखी वह कहीं और नहीं दिखी।

मालवीय नगर समिति ने अपने कार्यक्षेत्र में निवास करने वाले कुमावत समाज के परिवारों की सूचनाएं संकलित कर एक पुस्तिका 'स्नेह सेतु' प्रकाशित की गई जिसमें समिति क्षेत्र के प्रत्येक परिवार का संक्षिप्त परिचय व जनगणना उपलब्ध है। इसके समय-समय पर नये अन्य संस्करण भी प्रकाशित किए गए। इस समिति ने एक अभूतपूर्व कार्य यह किया कि अपने अथक परिश्रम व प्रयत्नों से समिति के कार्यक्षेत्र में समिति के कार्यालय एवं जनोपयोगी भवन हेतु राज्य सरकार के माध्यम से जयपुर विकास प्राधिकरण के द्वारा सत्र 2009 में 783 वर्गमीटर भूमि रियायती दर पर आवंटित करवाई। यह तत्कालीन समिति के पदाधिकारियों की दूरदर्शिता व अथक प्रयासों का परिणाम था। जिस समय समिति के पास कोई पूंजी नहीं थी ऐसे समय में जनसहयोग से राशि की व्यवस्था कर राशि जयपुर विकास प्राधिकरण को जमा करवाई। लेकिन यहां समिति अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हुई बल्कि इससे भी बड़ी जिम्मेदारी समिति के कन्धों पर आ पड़ी, वह यह कि अब भूमि पर भवन का निर्माण किया जाना था और वो भी उस समाज के भवन का जिसकी पहचान ही भवन निर्माण कार्यों से है। समिति ने और प्रयास किए और धीरे-धीरे समाज बन्धुओं के छोटे-बड़े सहयोग से समिति ने बेसमेंट एवं भू-तल का कार्य सम्पन्न करवाया। इसके बाद भवन के आगे के निर्माणकार्य को सम्पन्न करवाने हेतु समिति ने अपनी एक उपसमिति 'कुमावत समाज भवन संचालन समिति' मालवीय नगर जयपुर का गठन किया और भवन के शेष रहे निर्माण का कार्य उसे सौंपा जिन्होंने प्रथम मंजिल एवं फिनिशिंग का कार्य पूर्ण कराया। सभी समाज बन्धुओं, प्रतिष्ठित व्यक्तियों, भामाशाहों तथा समाज सेवकों के सहयोग का ही परिणाम है कि आज जयपुर शहर के हृदय मालवीय नगर में समाज का **कुमावत समाज भवन** हमारे समाज की शोभा बढ़ा रहा है।

मैं इस लेख के माध्यम से उन नींव की ईंट रहे समाजजनों व भामाशाहों को सादर नमन करती हूँ। पर दु:ख है कि उनमें से कुछ इस 'भवन' को पूर्ण होने से पहले ही इस जग से विदा हो गये। मैं निवेदन करूंगी कि दोनों समितियां आपसी सामन्जस्य रहते हुए कुमावत समाज के उत्थान के लिए कार्यकर अच्छा उदाहरण प्रस्तुत करती रहेंगी।

- उर्वशी बालोदिया

नारी एक रूप अनेक

मैं एक नारी हूँ, मैं सब संभाल लेती हूं,
हर मुश्किल से खुद को उबार लेती हूँ।
नहीं मिलता वक्त घर गृहस्थी में
फिर भी अपने लिए वक्त निकाल लेती हूँ।
टूटी होती हूँ अन्दर से कई बार मैं
पर सबकी खुशी के लिए मुस्कुरा लेती हूँ।
गलत ना होकर भी ठहराई जाती हूँ गलत
घर की शान्ति के लिए मैं चुप्पी साध लेती हूँ।
सच्चाई के लिए लड़ती हूँ सदा मैं
अपनों को जिताने के लिए हार मान लेती हूँ।
व्यस्त है सब प्यार का इजहार नहीं करते
पर मैं फिर भी सबके दिल की बात जान लेती हूँ।
कहीं नजर ना लग जाए मेरी अपनी ही
इसलिए पति बच्चों की नजर उतार लेती हूँ।
उठती नहीं जिम्मेदारियाँ मुझसे कभी-कभी
पर फिर भी बिन उफ किये बिना सब संभाल लेती हूँ।
नहीं सहा जाता जब दर्द और खुशियाँ
तब अपनी भावनाओं को कागज पर उतार लेती हूँ।
खुश हूँ मैं कि मैं किसी को कुछ दे सकती हूँ
जीवनसाथी के संग संग चल सपने संवार लेती हूँ।

- सीमा राज कुमावत
(मारवाल)

प्राचीन मूल्यों का महत्व और हमारा समाज

किसी भी वृक्ष की जड़े यदि गहरी हो तो वो जल्दी विकसित होती है और अधिक घना व छायादार बनता है। वहीं दूसरी तरफ जो पौधे ऊपरी या सतही मिट्टी पर बने होते हैं वो आँधी के एक झौंके से गिरकर निस्तेनाबूद हो जाते हैं, कहने का तात्पर्य है कि एक विकसित और अग्रणी समाज के निर्माण के लिए हमें उसकी जड़ों को मजबूत करना होगा। हमें पुरातन से वो गुण ग्रहण करने होंगे जो हमारे विकास और समृद्धि में सहायक बन सके। प्राचीनता का तात्पर्य किसी धार्मिक कर्मकांड से न होकर हिन्दू, सिक्ख, जैन, बौद्ध धर्मों के शास्त्रों में संग्रहित उन अमूल्य विचारों से हैं जो आज भी उतने ही समसामायिक हैं और हमारे भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने में सहायक हैं। हमारे वेदों, पुराणों में संग्रहित नैतिकता के श्लोक या महावीर स्वामी और महात्मा बुद्ध द्वारा दी गई शिक्षा आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। एक मूल्य आधारित समाज ही अग्रणी और विकसित समाज बन सकता है। हम आज कर्मकांड की ओर अधिक उन्मुख हो गए हैं और अपने शास्त्रों में छिपी मूल्यवान बातों को भूल गए हैं। अब जब हम सभी ने बीड़ा उठा ही लिया है कुमावत समाज को देश का अग्रणी समाज बनाने का, तो अपनी जड़े तो खंगालनी ही होगी। उन मूल्यों को जिन्हें हमारे पूर्वजों ने एक धर्म की तरह माना और अपनाया था, हमें फिर से उन पर अपने समाज के विकास की नींव रखनी होगी। आइए चर्चा करते हैं कुछ ऐसे ही मूल्यों की जिनकी आज कुमावत समाज को महति आवश्यकता है।

स्वावलंबन: हमारे पूर्वज अपना कार्य स्वयं करने में विश्वास रखते थे। हमारे आसपास दृष्टि डाले तो कुछ अल्पसंख्यक समाज इतने विकसित हैं कि वो कभी बेरोजगारी का रोना नहीं रोते। वो नौकरी करने की बजाए नौकरी देने में विश्वास रखते हैं। वो इतने खुद्दार होते हैं कि कुछ भी मुफ़्त में लेने में विश्वास नहीं करते। अपनी मेहनत के दम पर व्यापार करते हैं,उसका विस्तार करते हैं। अपने ही समाज के भाई-बहनों को नौकरी दे समाज की सेवा भी करते हैं। ऐसे समाज पैरासाइट (परजीवी) नहीं होते हैं। वो अपने कर्मों पर विश्वास करते हैं। हम भी चाहे तो अपने लघु व कुटीर उद्योगों को एक नया नज़रिया व दृष्टिकोण दे उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा सकते हैं। हमारे समाज के कुछ व्यवसायियों ने अपने हस्तकला व हैंडीक्राफ्ट उद्योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा समाज का नाम रोशन किया भी है परंतु इनकी संख्या अभी काफी कम है।

उत्तराधिकारी योजना: पहले के समय में गुरु अपने पुत्र को धीरे-धीरे गुरू कर्म सीखा देते थे। इसी प्रकार राजा अपने पुत्र को राज कर्म और वणिक अपनी संतान को व्यापार की शिक्षा दे देते थे। सोचिए जब घर में बचपन से ही रोज़गार की शिक्षा मिलने लगे तो वो युवावस्था तक आते आते तो अपने कार्य में पारंगत हो जाएगा। परंतु आज का युवा अपने पैतृक व्यवसाय को हेय दृष्टि से देखने लगा है। बजाए इसके कि उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने पैतृक व्यवसाय को नए आयाम दें। हमारा युवा इसे छोड़ नौकरी की तलाश में दर-ब-दर भटक रहा है। यदि बचपन से बच्चे को अपने व्यवसाय के लिए तैयार किया जाये साथ ही आधुनिकता का समावेश व्यवसाय में हो जाये तो हमारा कुमावत समाज भी आर्थिक रूप से काफी विकसित हो सकता है।

कैवल्य ज्ञान: ज्ञान और सिर्फ ज्ञान या नॉलेज ही वह मार्ग है जो मनुष्य व समाज को ऊंचाईयों तक पहुँचा सकता है। हमारे देश में कुछ विकसित व समृद्ध समाज ऐसे हैं जिनकी साक्षरता दर 94 प्रतिशत तक है जबकि भारत की औसत साक्षरता दर 65 प्रतिशत ही है। कहने का अर्थ है कि एक सभ्य व विकसित समाज में शिक्षा का बहुत बड़ा योगदान होता है। विशेषकर महिलाओं की साक्षरता दर अधिक होना एक अग्रणी समाज की पहचान होती है। **ज्ञान हमें सोचने समझने का नया दृष्टिकोण देता है। वो हम में तार्किक क्षमता और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाता है।** ये सारी क्षमताएं हमें विकास के मार्ग पर आगे बढ़ने को प्रेरित करती है। कहा भी गया है

विद्या ददाति विनयं विनयम ददाति पात्रताम् ।
पात्रताम् धनमाप्नोति धनात् धर्म ततः सुखम् ॥

अर्थात विद्या विनय देती है विनय से योग्यता, योग्यता से धन, धन से धर्म, और धर्म से सुख प्राप्त होता है।

अहिंसा परमो धर्मः अहिंसा का तात्पर्य प्राणी मात्र की रक्षा करना तो है ही साथ ही मनसा, वाचा, कर्मणा की अहिंसा से भी है। हमें अपने मन, वचन और कर्म से किसी को भी चोट नहीं पहुंचानी चाहिए। जब प्रत्येक व्यक्ति खुद के प्रति ईमानदार होगा तो वो प्रसन्नचित्त रहेगा। प्रसन्नता ही धैर्य व संयम प्रदान करती है और खुश व्यक्ति ही स्वस्थ समाज का निर्माण करता है। अत: हमें अपनी आंतरिक खुशी के लिए किसी का भी बुरा करने से बचना चाहिए।

अनर्थ दंड त्यागव्रत : हमारे शास्त्रों में प्रयोजन रहित कार्यों को त्याग देने का विधान है। अर्थात् हमें उन कामों को नहीं करना चाहिए जो प्रोडेक्टिव या रचनात्मक नहीं हो। दरअसल हमें पता ही नहीं चलता कि हम अपना कितना समय व्यर्थ के कार्यों में गंवा देते हैं। ये वह समय होता है जिसका उपयोग कर हम अपनी शिक्षा, अपने व्यवसाय, अपने व्यक्तित्व को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते थे। इन व्यर्थ के कामों से मिलने वाले क्षणिक सुख ने हमें कई सदियों पीछे धकेल दिया है। आज आप कुमावत समाज तो क्या किसी भी समाज के युवा को देख लीजिए वो मोबाइल में या

सोशल मीडिया में व्यर्थ की बेतुकी रील देख कर अपना अमूल्य समय गँवा रहा है । कुछ समाज आज भी ऐसे हैं जिनकी प्राथमिकता फालतू की पार्टियाँ न होकर प्रार्थना, आध्यात्मिकता और अनुशासन है। हमारे घर के सामने रहने वाले जैन परिवार के छोटे से छोटे बालक भी सुबह 5 बजे मन्दिर के लिए निकल जाते हैं। ये अनुशासन ही आज जैन समाज को जो जनसँख्या में भारत में 0.3 प्रतिशत ही हैं लेकिन देश के कुल इंकम टैक्स का 24 प्रतिशत देने में सक्षम बनाता है। समाज विशेष की बात छोड़ भी दें तो प्रयोजन रहित कार्यों को करने से कभी किसी का फायदा नहीं हुआ है। हमें अपनी आने वाली पीढ़ी को व्यर्थ के कार्यों को त्यागने की शिक्षा भी देनी होगी।

व्यर्थ बैठ कर तुमको यूंही, समय नहीं गवाना है,
अपने लक्ष्य को पहचान कर, आगे बढ़ते ही जाना है।

- डॉ. प्रिया मारवाल, एसिस्टेन्ट प्रोफेसर

एक सम्मान माँ के नाम: एक सम्मान आपके सर्पोट सिस्टम और आपके हौसलों के नाम

आज समाज में सबसे अहम् बात होती है महिला जागृति की, महिला आत्मनिर्भरता की, महिला चेतना की, समाज चाहता है कि महिलायें प्रत्येक कार्य में, हर क्षेत्र में आगे हो। इसके लिए आवश्यकता है समाज व परिवार के साथ की।

महिलाएं आज किसी भी तरह से पुरुषों से कम नहीं है क्योंकि भगवान ने सबको समान बनाया है पुरुष हो या स्त्री समान रूप से मानसिक और शारीरिक दोनों तरह से समान विकास किया है। लेकिन परिवार में महिलाओं को दुगुनी जिम्मेदारियों को निभाना पड़ता है। पहली जिम्मेदारी परिवार की और दूसरी जिम्मेदारी अपने कैरियर की। यहीं से महिलाओं का संघर्ष शुरू हो जाता है। संघर्ष की घड़ी में जब परिवार उसका साथ देता है, उसके हौसलों को उड़ान देता है, जब परिवार कृष्ण की तरह सारथी बन जाता हैं तो उस संघर्ष के बाद जो सफलता मिलती हैं वो बहुत मीठी सफलता होती है और उस परिवार में उसका सबसे बड़ा सपोर्ट होता है उसकी माँ और शादी के बाद सासू माँ का। क्योंकि एक नारी ही दूसरी नारी की व्यथा समझ सकती है इसलिए जो सबसे बड़ा सपोर्ट मिलता है वो माँ होती है और शादी के बाद सासू माँ।

हमारे जीवन में मां का स्थान अतुलनीय व सर्वोपरि है। मां ही बच्चे की प्रथम गुरु होती है। जीवन में हर प्रकार की बाधाओं को पार करने की प्रेरणा देती है। पूरी दुनिया में माँ एकमात्र प्राणी है जो आजीवन अपने पति, बच्चों समेत संपूर्ण ससुराल पक्ष, अतिथियों, संतान की संतति आदि सभी का ख्याल रखती है। घर के दैनिक कार्यों से लेकर बाहर तक के अनेक कामों में वह सशक्त भूमिका का निर्वाह करती है। वह एक बेटी के रूप में जितना कार्य अपने पिता के घर में करती है, उससे कई गुना अधिक पति के घर में करती है। लेकिन प्राय: प्रशंसा व सम्मान के दो शब्द सुनने के लिए तरस जाती है। हां, यह जरूर उसे सुनने को मिल जाता है कि 'यह सारे काम तो सभी महिलाएं करती हैं।'

मेरा कहना है कि हां, सभी महिलाएं करती हैं, नई बात तो कुछ नहीं। लेकिन जो घर में गर्म रोटी का सुख आपको दे, जो अस्वस्थ होने पर आपकी सेवा करे, जो आपके अतिथियों के लिए अन्नपूर्णा बन जाए, जो आप पर जरा-सी भी आंच आ जाने पर दुर्गा बन जाए, जो समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ाए और जो हर संकट में आपके साथ अडिग खड़ी हो, क्या वह सम्मान व आभार के दो शब्दों की भी अधिकारिणी नहीं है?

सच में, बड़ा दु:ख होता है जब अशिक्षित के साथ शिक्षित भी हर मां से 'लेना' ही अपना अधिकार समझते हैं और देने के लिए सम्मान व आभार-वचन से भी निर्धन हो जाते हैं।

महिलाओं को मजबूत करने के लिए अनेक संस्थाएं कार्य कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय से लेकर राष्ट्रीय संगठन इस दिशा में प्रयासरत हैं। सरकार द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर महिलाओं का आगे लाने की कोशिश की है। इसी प्रयास का नतीजा है कि समान वेतन का अधिकार, कन्या भ्रूण हत्या रोकने का कानून, कार्यस्थल पर उत्पीडन् के खिलाफ कानून, संपत्ति का अधिकार मिल चुका है। वहीं सामाजिक पत्र-पत्रिकाओं ने भी इस विषय को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। कुमावत इंडिया पत्रिका में जयसिंह गुडीवाल द्वारा लिखित 'सामाजिक संस्थाओं संगठनों में महिलाओं की भागीदारी' ने मुझे काफी प्रभावित किया है। इसी तरह के सामाजिक मुद्दों को लेकर आगे भी प्रकाशन करते रहे। सामाजिक संस्थाओं द्वारा भी इसके लिए पहल की गई सर्वप्रथम कुमावत क्षत्रिय समाज विकास समिति, मालवीय नगर द्वारा प्रथम महिला अध्यक्ष भारती तोंदवाल सहित चार महिलाओं को कार्यकारिणी में स्थान दिया गया। इसी प्रकार कुमावत क्षत्रिय विकास समिति, बरकत नगर द्वारा भी चार महिलाओं को कार्यकारिणी में स्थान देकर महिला सशक्तिकरण के लिए कदम बढ़ाया है।

मेरी समाज बन्धुओं से प्रार्थना है कि माँ के लिए समाज में एक सम्मान समारोह रखा जाये। जिससे मां और सासु माँ प्रोत्साहित होगी और वो अपनी बेटियों और बहुओं को आगे बढ़ाने के लिए हर सम्भव प्रयास करेगी। यहीं से महिला जागृति की एक अच्छी पहल होगी। माँ जो ऊर्जा का स्त्रोत होती है इस माँ की भी कोई पीठ थपथपाने वाला होना चाहिए और ये नेक कार्य हमारा समाज कर सकता है।

-प्रियंका वर्मा, सोडाला जयपुर

राजस्थान विधानसभा चुनाव

भारतीय जनता पार्टी से 3 कुमावत प्रत्याशी घोषित:
गजानंद कुमावत - दातारामगढ
निर्मल कुमावत - फुलेरा
जोराराम कुमावत - सुमेरपुर

कांग्रेस से -1
कुमावत प्रत्याशी घोषित:
डूंगर राम गेदर - सूरतगढ़

अभी कांग्रेस की सूची की प्रतिक्षा है। उम्मीद है कि कुमावत समाज से भी कुछ इसमें प्रत्याशी घोषित होंगे।

कृपया इन्हे विजयी बनाने का हर सम्भव प्रयास करे।

लक्ष्मी जी के मंदिर कहां-कहां

वैसे तो अनेक स्थानों पर माँ लक्ष्मी के मंदिर बनाए गये हैं किन्तु प्रमुख लक्ष्मी मंदिर निम्न स्थानों पर स्थित हैं:-



वेल्लोर का महालक्ष्मी स्वर्ण मंदिर : तिरूमलैकोडी, वेल्लोर, तमिलनाडू की स्थापना स्वामी श्री शक्ति अम्मा द्वारा की गई, इसका निर्माण वर्ष 2000 में प्रारम्भ हुआ जो वर्ष 2007 में पूर्ण हुआ। बाद में इसका विस्तार हुआ तथा स्वर्ण मंदिर में बदल गया। इसमें 1500 किग्रा शुद्ध स्पर्ण का काम हुआ है, जरा सी रोशनी पड़ते ही यह दमक उठता है। इसकी छटा बहुत ही निराली है, देश-विदेश से श्रद्धालु यहां माँ लक्ष्मी नारायण के दर्शनार्थ आते हैं। इसे श्रीपुरम भी कहा जाता है। मंदिर परिसर 100 एकड़ में है तथा चारों ओर हरितमा ने इसकी सुन्दरता में चार चांद लगा दिये है। मंदिर की सुरक्षा के विशेष इंतजाम है। मंदिर प्रवेश के लिए भक्तों को 1.8 किमी चलना होता है।

पद्मावती मंदिर तिरूचानूर : त्रिचूर, आन्ध्रप्रदेश में माँ पद्मावती का हजारों वर्ष पुराना मंदिर है। यहां पद्मावती को भगवान हरि के वेंकटेश्वर रूप की पत्नी माना जाता है। इसलिए तिरूपति बालाजी के दर्शन से पहले माँ पद्मावती के दर्शन करने की मान्यता है। कहा जाता है कि माँ पद्मावती (लक्ष्मी) की शरण में जाने से सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है। मंदिर में हजारों श्रद्धालु दर्शनार्थ आते हैं।

अष्ट लक्ष्मी मंदिर, चेन्नई : इलियट समुद्रतट के पास चेन्नई में दक्षिण भारतीय शैली में चार मंजिला अष्ट लक्ष्मी मंदिर स्थित है, मंदिर में लक्ष्मी के 8 स्वरूपों के लिए 8 कमरे बनाए गये हैं। मान्यता है कि यहाँ पर माँ लक्ष्मी अपने पति विष्णु भगवान के साथ साक्षात विराजमान रहती है।

लक्ष्मी मंदिर, हासन : कर्नाटक के हासन में होयसल शैली में वर्ष 1113 में डोड्डागड्डावल्ली ग्राम में अद्वितीय संरचना वाला दिव्य लक्ष्मी मंदिर स्थित है। मुख्य हॉल 18 खम्भों पर टिका है, मुख्य मंदिर में 4 मंदिर है, पूर्व में लक्ष्मी जी की 3 फुट ऊँची प्रतिमा विराजमान है। कहा जाता है कि यहां माँ लक्ष्मी के दर्शन मात्र से आर्थिक तंगी दूर हो जाती है। यहाँ हर दिन भक्तों की भीड़ रहती है पर धनतेरस तथा दिवाली के दिन अत्यधिक भीड़ होती है।



महालक्ष्मी मंदिर, कोल्हापुर : 7वीं सदी में राजा कर्णदेव, चालुक्य शासक द्वारा कोल्हापुर (महाराष्ट्र) में माँ लक्ष्मी मंदिर का निर्माण कराया था। माना जाता है कि इसमें विराजित महालक्ष्मी जी की मूर्ति 7000 वर्ष पुरानी है। वास्तु का चमत्कार है कि सूर्य की पहली किरण माँ महालक्ष्मी के चरण स्पर्श करती है। जनवरी-फरवरी माह में सूरज की किरण देवी माँ के पैरों, फिर मध्य भाग से होती हुई मुखमण्डल को रोशन कर अद्भुत दृश्य बनाती है। यह मंदिर विश्व के चमत्कारों के लिए जाना जाता है।

महालक्ष्मी मंदिर, मुम्बई : वर्ष 1831 में धाकजी दादाजी, व्यापारी द्वारा मुम्बई के समुद्रतट के पास इस प्राचीन महालक्ष्मी मंदिर का निर्माण कराया था। यहाँ माँ महालक्ष्मी के साथ माँ महाकाली तथा माँ सरस्वती की मूर्तियां भी विराजमान हैं। सितम्बर-अक्टूबर माह में कुछ मिनट के लिए सूर्य की किरणों तीनों देवियों पर पड़ती है। भक्तों का विश्वास है कि यहाँ माथा टेकने से उनकी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं।

इस मंदिर के प्रसंग में कहा जाता है कि वर्ली और मालाबार हिल को जोड़ने के लिए पुल बनाने का काम चल रहा था, किन्तु इसके लिए दीवार नहीं बन पा रही थी। तब एक व्यक्ति ने बताया कि उसने स्वप्न में देखा कि माँ लक्ष्मी बोल रही है कि वर्ली समुद्र किनारे उनकी मूर्ति दबी हुई है, उसे निकालकर स्थापित करो। जब वहां खुदाई कि तो वहां 3 मूर्तियां मिली, फिर उन्हें मंदिर बना कर स्थापित कराया गया तो दीवार का काम भी हो गया। महालक्ष्मी शेर पर सवार है तथा राक्षस का वध कर रही है। यहां पर रोजाना सैंकड़ों श्रद्धालु दर्शनार्थ आते हैं।

महालक्ष्मी मंदिर, इन्दौर : वर्ष 1833 में मल्हार राव होल्कर द्वितीय ने राजवाड़ा, इन्दौर, मध्य प्रदेश में महालक्ष्मी मंदिर का निर्माण कराया था। यहाँ माँ महालक्ष्मी की प्रतिमा शृंगार के बाद बहुत ही आकर्षित लगती है। होल्कर राजपरिवार नवरात्रा तथा दीवाली पर माँ

महालक्ष्मी के दर्शन के लिए निरन्तर आता रहा है। होल्कर खजाने को खोलने से पहले महालक्ष्मी के दर्शन के लिए जाया जाता था तथा कभी भी धन की कमी नहीं रही। वहां के राजकर्मचारी दफ्तर में दाखिल होने से पहले यहां पर दर्शन करने आते थे। पास ही सुभाष चौक पर दुर्गा मंदिर तथा पंद्रिनाथ पर हरसिद्ध मंदिर है, दर्शक यहां भी दर्शन करते हैं। दीपावली पर मंदिर से भक्त पीले चावल लेकर जाते हैं, जिससे दुकान व घर में सुख समृद्धि आये। बताया जाता है कि यह मंदिर 1928 में ध्वस्त हो गया, वर्ष 1972 में यहां आग लग गई तथा वर्ष 2011 में छत का प्लास्टर गिर गया, किन्तु माँ महालक्ष्मी की मूर्ति पूर्णत: सुरक्षित रही जो चमत्कार ही है। दीपावली पर 5 दिवसीय महोत्सव होता है व भक्तों की लम्बी कतारें लगती हैं।

लक्ष्मीनारायण मंदिर, दिल्ली : 1622 ई. में वीरमदेव सिंह ने दिल्ली में लक्ष्मी नारायण मंदिर का निर्माण कराया, वर्ष 1938 में जे.डी. बिड़ला ने इस मंदिर का जीर्णोद्धार कराया, इसलिए इसे बिड़ला मंदिर भी कहते हैं। इसका उद्घाटन महात्मा गांधी ने किया था। दीपावली पर इस मंदिर की सजावट देखने योग्य होती है। यहां पर माँ लक्ष्मी, भगवान विष्णु के साथ विराजमान है। यहां पर भगवान शिवजी, गणेश जी, हनुमान जी व बुद्ध की छोटी मूर्तियां भी स्थित हैं। यह 7.5 एकड़ में है।

महालक्ष्मी मंदिर, रतलाम : रतलाम (म.प्र.) के माणक चौक में महालक्ष्मी का प्राचीन मंदिर स्थित है। दीपोत्सव पर मंदिर को फूलों, भक्तों द्वारा उपलब्ध कराये गये आभूषणों व नकदी से सजाया जाता है तथा इन्हें दीपोत्सव के बाद लौटा दिया जाता है। दीपोत्सव के 5 दिन धनतेरस से मंदिर के पट 24 घण्टे दर्शनाथ खुले रहते हैं तथा हजारों भक्तगण दर्शन करते हैं। यहां से किसी भी भक्त को खाली हाथ नहीं लौटाया जाता है।

बस्तर-दंतेश्वरी देवी का लक्ष्मी रूप में पूजन : दक्षिणी बस्तर, छत्तीसगढ़ में देवी दंतेश्वरी का मंदिर स्थित है। आदिवासियों में दीपावली पर माँ दंतेश्वरी को लक्ष्मी रूप में पूजा जाता है। इस समय औषधीय काढे से देवी को स्नान कराया जाता है। भगवान विष्णु कार्तिक माह में मत्स्य अवतार के रूप में रहते हैं, कार्तिक मास में ही उन्होंने तुलसी के पति जलन्धर का वध करके उसका पतिव्रत धर्म भंग किया था। इसके बाद उन्होंने तुलसी को विष्णु पत्नी रूप में पूजने का वरदान दिया था। यहां देवी नारायणी स्वरूप में विराजमान है तथा सामने गरुड़ स्तम्भ हैं। कार्तिक चतुर्दशी तक लगातार 7 दिन दंतेश्वरी सरोवर से पानी लाकर उससे स्नान कराकर तुलसी पूजन की परम्परा है।

- संकलनकर्ता रमेश गैदर

ज्योति शिक्षण संस्थान परिवार को ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

हमारी प्रिय

डॉ. शिल्पी कुमावत

W/o श्री मनीष कुमावत

प्राचार्या, ज्योति सीनियर सेकण्डरी स्कूल (Hindi Medium)

के शिक्षा में विषय –"**स्मार्ट कक्षा-कक्ष अध्ययन :- वस्तु स्थिति, उपयोगिता और चुनौतियाँ**"

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.)

से व्याख्याता डॉ. हेमन्त त्रिवेदी के निर्देशन में **पी.एच.डी.**

की उपाधि प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

विज्ञापन

शुभेच्छु – आई. एल. कुमावत – कैलाशदेवी (बड़े ससुरजी–सासुजी), जी. एल. कुमावत–मधु कुमावत (ससुरजी–सासुजी), जितेन्द्र कुमावत–द्रोपदी कुमावत (पिता–माता), पवन–सुधा, गजेन्द्र–माया अरूण–अनिता, डॉ. रजनीश कुमावत–डॉ. आरती कुमावत (जेठ–जेठानी), पंकज जी–सपना (ननदोई–ननद), लव्य, लिशा (पुत्र, पुत्री), ईक्षा, प्रिशा (भतीजीयां)

ज्योति शिक्षण संस्थान, फतहपुरा, उदयपुर
उज्ज्वल पब्लिक स्कूल, चित्तौड़गढ़

मो. **9413832882**
9461388795

मालवीय नगर, जयपुर में समाज का ''महिला शक्ति संगम''

8 अक्टूबर, 2023 को कुमावत समाज भवन, मालवीय नगर में कुमावत क्षत्रिय समाज विकास समिति, मालवीय नगर, जयपुर के तत्वावधान में **महिला शक्ति संगम** का आयोजन हुआ। इस अवसर पर समाज की लगभग दो सौ महिलाएं पधारी और इस संगम में **''समाज में महिला सशक्तिकरण व जागृति''** विषय पर व्याख्यान हुए तथा मंथन किया गया।

समारोह में श्रीमती स्नेहलता, श्रीमती कृष्णा बडीवाल, कुमारी शिवानी मण्डावरा मुख्य अतिथि व अतिथि रहे। संगम में फाइन आर्ट प्रोफेसर श्रीमती ममता रोकणा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नमिता भारती, ले. कमाण्डर सी.आर.पी.एफ कुमारी हर्षिता बासनीवाल, प्रोफेसर डॉ. अनिता कुमावत (सीकर), राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में उप-प्रधानाचार्य श्रीमती सुमन कुमावत, दूरदर्शन कलाकार प्रेम बालोदिया, श्रीमती रश्मि बालोदिया (डायमण्ड ऑर्केस्ट्रा), योग विशेषज्ञ कुमारी महक कुमावत, नेशनल लेवल वेट लिफ्टर श्रीमती आशा कुमावत, आर.एस.एस. प्रांत सेवा प्रमुख एवं एड्वोकेट श्रीमती विजयलक्ष्मी नागा, योगा में रिसर्च स्कॉलर कुमारी जूही कुमावत, ब्यूटीशियन श्रीमती रेखा कुमावत तथा समाज सेविका श्रीमती राजबाला बिरथला आदि समाज की प्रतिभाशाली वक्ताओं ने अपने विचार रखे, वहीं समाज की वयोवृद्ध सेविका श्रीमती उमा माचीवाल ने इस संगम की सराहना करते हुए सबको आशीर्वाद दिया। मालवीय नगर क्षेत्र की विधायक प्रत्याशी (कांग्रेस) डॉ. अर्चना शर्मा ने भी महिला शक्ति को सम्बोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन राजकीय कॉलेज, सांभर लेक में पदस्थापित असिस्टेंट प्रोफेसर (सी.ए.) डॉ. शशि कुमावत एवं स्टेनी मोमोरियल कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रिया मारवाल ने किया तथा श्रीमती माया घोडीवाल एवं श्रीमती सीमा मारवाल ने इनका सहयोग किया। समिति अध्यक्ष श्रीमती भारती वर्मा ने समारोह में पधारे सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह का समापन स्नेह भोज के साथ हुआ। महिला शक्ति संगम सभी के सहयोग से सफल रहा। पधारे हुए समाजजनों ने इस आयोजन की सराहना की।

– **आशुतोष कुमावत,** उप-मंत्री

8 अक्टूबर को जोबनेर में राजनैतिक चेतना एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में फुलेरा विधायक निर्मल कुमावत।

हेमराज कुमावत पुत्र सुख लाल कुमावत निवासी सदरपुरा मालपुरा टोंक का वरिष्ठ अध्यापक पद पर साइंस विषय से ऑल राजस्थान में 99वीं रैंक के साथ अंतिम रूपसे चयन होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

मोहिनी कुमावत पुत्री श्री रामनारायण जी कुमावत कुद्धीवालों की ढाणी लोहरवाड़ा बगरू का व्याख्याता इतिहास बनने पर हार्दिक शुभकामनाएं

उषा कुमावत पत्नी शरवन कुमावत, नवलगढ़ को प्रथम श्रेणी व्याख्याता चयनित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

जयश्री कुमावत पुत्री शंकर कुमावत ऑल इण्डिया रैंक 186 प्राप्त कर CISF में चयन होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



डॉ. प्रिया कुमावत को MS नेत्र रोग GMC कोटा में सेलेक्ट होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

श्री राम प्रकाश मारवाल

को कुमावत प्रगति ट्रस्ट का

उपाध्यक्ष

चुने जाने पर

हार्दिक बधाई

शुभेच्छु

सुनीता कुमावत (धर्मपत्नी), आशीष-प्रियंका (पुत्र-पुत्र वधू), मेघना-दिलीप जी, अरुणा-चंद्र प्रकाश जी (बेटी-दामाद), दिविता, पूर्वी, लावण्या, दर्श, कुशाग्र एवं समस्त मारवाल परिवार।

श्री राम प्रकाश मारोठिया

श्री राम प्रकाश मारवाल

श्री रमेश गैदर

कुमावत प्रगति ट्रस्ट के

श्री राम प्रकाश मारोठिया अध्यक्ष व

श्री राम प्रकाश मारवाल उपाध्यक्ष

चुने जाने तथा

श्री रमेश गैदर

को **'कुमावत इंडिया'** पत्रिका के

सम्पादक मनोनीत करने पर

हार्दिक बधाई

शुभेच्छु

भारती -रमेश तोंदवाल

अध्यक्ष- कुमावत इंडिया पत्रिका

मो. : 9414810584



TARKASHI
JEWELLERS
SINCE 1990 | JAIPUR

GOLD DIAMOND KUNDAN SILVER

10, J.DA. Shopping center, Bajaj Nagar, Jaipur

tarkashijewellers@gmail.com

Mahedra Singh
+91-9887419340

Prashant kumawat
+91-7737561581

विज्ञापन

भारत के मिसाइल मैन डॉ. अब्दुल कलाम



'भारत रत्न' से सम्मानित डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम भारत के प्रख्यात वैज्ञानिक एवं भारत के 11वें एवं पहले गैर राजनीतिज्ञ राष्ट्रपति थे, जिन्हें ''मिसाइल मैन'' के नाम से भी जानते हैं। बच्चों और विद्यार्थियों पर असीम स्नेह करने वाले डॉ. कलाम का जन्म 15 अक्टूबर, 1931 को धनुषकोड़ी गांव (रामेश्वरम-तमिलनाडु) के एक गरीब परिवार में हुआ था। उनके शिक्षक इयादुराई सोलोमन ने उनसे कहा था कि जीवन में सफलता तथा अनुकूल परिणाम प्राप्त करने के लिए तीव्र इच्छा, आस्था, अपेक्षा इन तीन शक्तियों को भली-भांति समझ लेना और उन पर प्रभुत्व स्थापित करना चाहिए। प्राथमिक शाला के बालक अब्दुल कलाम ने अपने अध्यापक के शब्दों को जीवन का मंत्र बना लिया।

रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (DRDO) तथा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) में वैज्ञानिक के रूप में काम करते हुए बैलेस्टिक मिसाइल तथा सेटेलाइट प्रक्षेपण यान प्रौद्योगिकी के विकास में इन्होंने चार दशक तक योगदान दिया। इस कारण इन्हें मिसाइल मैन के रूप में जाना जाता है। 1998 में पोकरण द्वितीय परमाणु परीक्षण में भी आपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। डॉ. कलाम जीवन पर्यन्त शिक्षा, लेखन और सार्वजनिक सेवा से जुड़े रहे। 27 जुलाई, 2015 को भारतीय प्रबंध संस्थान, शिलांग में एक व्याख्यान देते समय प्राणघातक दिल का दौरा पड़ा, जिसमें सादगी और विनम्रता की प्रतिमूर्ति डॉ. कलाम की मृत्यु हो गई। डॉ. अब्दुल कलाम का जीवन देशवासियों विशेष रूप से बच्चों और युवाओं के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत रहा है। प्रस्तुत है उनके जीवन से जुड़े कुछ प्रेरक प्रसंग।

जिन दिनों डॉ. कलाम वैज्ञानिक के रूप में काम करते थे, एक बार उनकी टीम के एक सदस्य ने घर जल्दी जाने की अनुमति मांगी ताकि वो अपने बच्चों को एक प्रदर्शनी में ले जा सके। लेकिन व्यस्तता के कारण वो ये बात भूल गया। शाम को पश्चाताप करता हुआ जब वो थोड़ी देर से घर पहुंचा तो पता चला कि डॉ. कलाम बच्चों को प्रदर्शनी दिखाने ले गए हैं।

एक बार कक्षा 6 के एक छात्र ने 'विंग्स ऑफ फायर' किताब पढ़ने के बाद डॉ. कलाम का एक स्केच बनाया। परिवार वालों ने प्रोत्साहित किया कि इसे राष्ट्रपति को भेजो। लड़के ने सोचा इससे क्या होगा, ये तो उन्हें मिलेगा भी नहीं, पर फिर बहुत जोर डालने पर उसने स्केच भेज दिया। कुछ दिन बाद उसे डॉ. कलाम का अपने हाथों से लिखा संदेश तथा हस्ताक्षर किया हुआ धन्यवाद का पत्र मिला।

आईआईटी (बीएचयू) के दीक्षांत समारोह में डॉ. कलाम मुख्य अतिथि थे, जब वे मंच पर पहुंचे तो देखा कि उनके लिए जो कुर्सी लगी है वो बाकी कुर्सियों से बड़ी है। उन्होंने तुरंत उस पर बैठने से मना कर दिया और कुलपति को उस पर बैठने का आग्रह किया। जब कुलपति उस पर नहीं बैठे तो सामान्य कुर्सी मंगाई गई और तब सब लोग बैठे ये महानताएं थी उनके चरित्र की।

गणेशजी को विदा नहीं करें...

भगवान् गणेशजी को कभी भी विदा नहीं करना चाहिए, क्योंकि यदि विघ्नहर्ता ही विदा हो गए तो आपके विघ्न कौन हरेगा?

क्या कभी सोचा है गणेश प्रतिमा का विसर्जन क्यों?

अधिकतर लोग एक दूसरे की देखा देखी गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कर रहे हैं और 3 या 5 या 7 या 11 दिन की पूजा के उपरांत उनका विसर्जन भी करते हैं।

आप सब से निवेदन है कि आप गणपति की स्थापना करें पर विसर्जन नहीं। विसर्जन केवल महाराष्ट्र में ही होता हैं क्योंकि गणपति वहाँ एक मेहमान बनकर गये थे, वहाँ लाल बाग के राजा कार्तिकेय ने अपने भाई गणेश जी को अपने यहाँ बुलाया और कुछ दिन वहाँ रहने का आग्रह किया था। जितने दिन गणेश जी वहां रहे उतने दिन माता लक्ष्मी और उनकी पत्नी रिद्धि व सिद्धि भी वहीँ रही। इनके रहने से लाल बाग धन धान्य से परिपूर्ण हो गया तो कार्तिकेय जी ने उतने दिन का गणेशजी को लालबाग का राजा मानकर सम्मान दिया । यही पूजन गणपति उत्सव के रूप में मनाया जाने लगा।

अब रही बात देश के अन्य स्थानों की तो गणेशजी हमारे घर के मालिक हैं और घर के मालिक को कभी विदा नही करते। यदि हम गणपतिजी का विसर्जन करते हैं तो उनके साथ लक्ष्मीजी व रिद्धि सिद्धि भी चली जायेंगी तो जीवन में बचेगा ही क्या?

हम बड़े शौक से कहते हैं गणपति बाप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ इसका मतलब हमने एक वर्ष के लिए गणेशजी लक्ष्मीजी आदि को जबरदस्ती पानी में बहा दिया तो आप स्वयं सोचो कि आप किस प्रकार से नवरात्रि पूजा करोगे, किस प्रकार दीपावली पूजन करोगे और क्या किसी भी शुभ कार्य को करने का अधिकार रखते हो जब आपने उन्हें एक वर्ष के लिए विदा कर दिया। इसलिए गणेशजी की स्थापना करें पर विसर्जन कभी न करें।

-राजेश खोरानिया, झोटवाड़ा, जयपुर

रियासतों से भारत बनाने के शिल्पी सरदार वल्लभ भाई पटेल

स्वतंत्र भारत के पहले उप-प्रधानमंत्री एवं ग्रह मंत्री जिन्होंने 565 रियासतों का भारत में विलीनकरण करने का जटिल कार्य किया तथा हैदराबाद एवं जूनागढ़ रियासतों को भारत में मिलाकर आधुनिक भारत के शिल्पकार बने। यह महत्वपूर्ण कार्य तत्परता एवं चतुरता से किया। इसके कारण उन्हें सदैव याद रखा जायेगा।

वल्लभ भाई पटेल का जन्म लेवा पाटीदार जाति में नडियार, गुजरात में 31 अक्टूबर 1875 को हुआ। इन्होंने लन्दन से वैरिस्टर की पढ़ाई की तथा अहमदाबाद में वकालत की। किन्तु गांधी जी से प्रभावित हो वकालत छोड़कर स्वतंत्रता आन्दोलन में कूद पड़े।

खेड़ा आन्दोलन : वर्ष 1918 में खेड़ा में भयंकर सूखा पड़ा किन्तु अंग्रेज सरकार ने किसानों को लगान में छूट नहीं दी। तब सरदार पटेल व गांधीजी ने किसान आन्दोलन का नेतृत्व किया। अन्ततः सरकार झूकी व लगान माफ किया, यह वल्लभ भाई पटेल की पहली सफलता थी।

बारडोली सत्याग्रह : वर्ष 1928 में तत्कालीन प्रान्तीय सरकार ने लगान में 30 प्रतिशत वृद्धि कर दी, पटेल ने इसका जमकर विरोध किया। सरकार ने आन्दोलन को कुचलने के कठोर प्रयास किये। पर अन्ततः सरकार झुकी और इस वृद्धि को 6 प्रतिशत रखा। इस सत्याग्रह की सफलता का श्रेय केवल वल्लभ भाई पटेल को जाता है। अतः वहां की महिलाओं ने उन्हें '**सरदार**' की उपाधि दी। गांधीजी ने कहा कि इस आन्दोलन से '**स्वराज**' प्राप्ति की ओर कदम बढ़ा है।

स्वतंत्रता आन्दोलन : सरदार पटेल अब आजादी के आन्दोलन से सीधे जुड़ गये। गांधीजी ने सत्य, अहिंसा पर आधारित सत्याग्रह का मार्ग प्रशस्त किया। वहीं **सरदार पटेल को इसे व्यवहार में लाने के लिए भारत की आम जनता को एकत्र करने का श्रेय है।** गांधी ने 1930 में कराची अधिवेशन में कहा कि नेहरू विचारक है तो पटेल कार्य करने वाले व्यक्ति हैं। आजादी के आन्दोलन में युवा शक्ति को इन्होंने जोड़ा तथा स्वाभिमान चाहते हो तो स्कूल-कॉलेज छोड़कर असहयोग आंदोलन में कूद पड़ो। मैं क्या करुंगा इसे छोड़ो स्वाधीनता आन्दोलन में सहयोग करो।

स्टेच्यू ऑफ यूनिटी : सरदार वल्लभ भाई पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 31 अक्टूबर 1918 को नर्मदा जिला गुजरात में नर्मदा नदी के एक टापू पर सरदार पटेल की 597 फिट की विश्व की सबसे ऊँची मूर्ति का अनावरण किया। इसे स्टेच्यू ऑफ यूनिटी नाम दिया गया। इस मूर्ति को बनाने के लिए भारत भर से गांव में रहने वाले किसानों से बेकार पड़े लौहे को एकत्र किया गया।

इस मूर्ति पर कांस्य की कोटिंग की गई है तथा लिफ्ट एवं आब्जरवर डेक का निर्माण किया गया है। एक आधुनिक पब्लिक प्लाजा बनाया जहां से नर्मदा नदी व मूर्ति देख सकते हैं, इसमें खान-पान व रिटेल शॉप भी है। नाव से मूर्ति तक 5 मिनट में पहुंचा जा सकता है। एक विशाल संग्रहालय तथा प्रदर्शनी हॉल बनाया गया है जहां पटेल का जीवन व योगदान दर्शाया गया है।

ऐसे सरदार पटेल को उनकी जयंति पर नमन।

रसोई से

दीवाली पर यूं बनाए काजू कतली

बाजार जैसी स्वादिस्ट काजू कतली घर पर भी तैयार की जा सकती है इसे बनाना भी बहुत आसान है। ये खाने में स्वादिस्ट होने के साथ ही काफी पोस्टिक भी होती है तथा एक बार बना लेने पर कई दिनों तक खराब नही होती है, तो आईये बनाते है, काजू कतली मिठाई।

सामग्री- 2 कप काजू टूकडी, 1 कप चीनी, आधी चम्मच इलायची पावडर, देशी घी 1 चम्मच बडा, आधा कप मिल्क पाउडर, बटर पेपर 2

विधि- सबसे पहले काजू टूकडी को मिक्सी में बारीक पिस लेगें, पाउडर की तरह हो जाने पर चलनी की सहायता से इसे अच्छी तरह छान कर रख देगें। अब कढाई में 1 कप पानी डालकर मध्यम आंच पर गैस पर रख देगें, पानी में उबाल आने पर चीनी डालकर एक तार की चाशनी बना लेगें। चाशनी बन जाने पर इसमें काजू पाउडर, इलायची पाउडर डालकर 2 मिनट पकायेगें, थोडा पक जाने पर इसमें मिल्क पाउडर डालकर हिलाते हुये और 2-3 मिनट और पकायेगें इसके बाद एक चम्मच घी डालकर हिलायेगें। अब गैस से नीचे उतार कर थोडा ठण्डा होने देगें। ठण्डा हो जाने पर बटर पेपर रख कर बेलन की सहायता से इसे बेलेगें। अब इसे 1/3 इंच मोटे गोल आकार बेल लेगें। अब चांदी का वर्क लगायेगें । इसके बाद चाकू का उपयोग करके काजू बर्फी के आकार में काट ले। काजू कतली तैयार है।

- राजबाला कुमावत, सांगानेर

दीपावली से जुड़ी बचपन की यादें और अब के अहसास.....

कुमावत इंडिया पत्रिका द्वारा 'दीपावली से जुड़ी बचपन की यादें और अब के अहसास' के संबंध में सुधि पाठकों, समाजबंधुओं से उनके अनुभव, बचपन की यादें व घटना जिसे आप भुलाये नहीं भूल सकते आमंत्रित की गई थी। पाठकों, समाजबंधुओं द्वारा अत्यधिक संख्या में अपने अनुभव, घटना एवं बचपन की यादें कुमावत इंडिया पत्रिका से साझा की गई, पत्रिका सभी पाठकों एवं समाजबंधुओं का धन्यवाद व आभार प्रकट करती है। कुमावत इंडिया पत्रिका पाठकों एवं समाजबंधुओ द्वारा प्रेषित की गई श्रेष्ठ व उत्कृष्ट अनुभवों, यादों, घटनाओं को पत्रिका के 'दीपावली विशेषांक' में प्रकाशित किया जा रहा है। सभी पाठकों एवं समाजबंधुओ से आशा करते हैं भविष्य में भी पत्रिका से जुड़कर सहयोग करते रहेंगे। दीपावली की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

यादों की बात करूं तो ज्यादातर मीठी यादें हैं और कुछ ऐसी भी है जो दिल में जख्म की तरह है। और सच ये है कि हम लोग मीठी यादें उतनी याद नहीं करते जितनी कडवी। मेरे बचपन का एक दोस्त था जिसका नाम कुणाल था। वह बहुत चंचल और शरारती था। उसको कैंसर हो गया था। दीपावली से पहले हम सभी दोस्तों ने निर्णय लिया कि इस दीपावली हम उसके घर इकट्ठे मिलने जायेंगे जिससे वो अपने आपको बेहतर महसूस करें तो हमने अपनी तैयारी कर ली और दीपावली के दिन उसके घर पहुँच गए। सभी दोस्तों को एक साथ देखकर उसकी आँखों में खुशी का ठिकाना न था, उसे मैं आज तक नहीं भुला सका। हम सभी दोस्तों ने जमकर आतिशबाजी की। उसके मम्मी-पापा बहुत खुश थे पर मुझे थोड़ा-सा डर था कि कहीं मेरे मम्मी-पापा देर होने पर गुस्सा न करे इसलिए मैं वहां से आने में जल्दबाजी करने लगा और मैंने सबको जल्दी चलने के लिए मना लिया और हम वहां से जल्दी चल दिए।

सुबह दुख:द खबर मिली कि कुणाल हम सब को छोड़कर हमेशा के लिए इस दुनिया से विदा हो गया। उस दिन से आज तक मैं उसका वो चेहरा नहीं भुला सका जब मैंने उसके घर से जल्दी आने की जिद्द की थी और वो हमें रोकना चाहता था। सोचता हूं क्या वो मुझे माफ कर पाया होगा?....

-गणपत कुमावत ग्राम भादवा, जोबनेर

दीवाली का त्योहार मेरे दिल के काफी करीब है। पिताजी बीकानेर में सर्विस करते थे। दीवाली की छुट्टियां में दीवाली का गृहकार्य जो कि स्कूल से दिया जाता था जल्दी से जल्द से पूरा कर लिया जाता था। दीवाली मनाने के लिए हम सपरिवार गांव झाडली, कांवट चले जाते थे। परिवार के अन्य सदस्य भी गांव पहुंच जाते थे। गांव में चूंकि संयुक्त परिवार था तो मकान, घर बन जाता था इतने लोगों का हूजुम लग जाता था। साफ-सफाई होती थी शुरुआत घर के आँगन में सफेद कली के पत्थर घोले जाते थे, उसमें उजाला की नील डाली जाती थी। परिवार के सभी सदस्य कली करने में जुट जाते थे। सुनहरी गुनगुनी धूप हल्की सर्दी का अहसास कराती थी। दादी, मम्मी लाल मिट्टी व गोबर से चूल्हा, आंगन को लिपती थी। उनकी हँसी ठिठोली में कब दिन पूरा हो जाता पता नहीं लगता था। बहन, दीदी, चाची, भाभी सफेद कली से आंगन दीवार पर मांडने उकेरती थी। वो रंगोली आज की रंगोली के सामने फीकी नजर आती है। फिल्मी पोस्टर, देवताओं के पोस्टर, पटाखों से बाजार सज जाते थे। पापा तीनों भाई-बहनों के एक कपड़े की ड्रेस बनवाते थे। शाम को मिट्टी के दीयों से पूरा घर रोशन हो जाता था। पूरा परिवार एक साथ दीवाली मनाता था। पापा मुझे मुर्गा छाप लाल बत्ती का पटाखा चलाना सिखाया करते थे। मैं चबूतरे पर बैठ कर दीये से पटाखों की बत्ती को जलाता और आगे फेंकने की बजाय पीछे फेंक कर कूदता था।

हालांकि, अब पहले वाली बात नहीं रही। धीर-धीरे दीवाली के त्योहार में काफी परिवर्तन हुआ, इसमें आज आधुनिकता दिखती है। अब पर्व त्योहारों के मायने वाट्सएप और सोशल मीडिया तक सीमित होकर रह गए हैं। अब लोगों को किसी से मिलने की फुर्सत ही नहीं है। जबकि पहले लोग दीपावली के दिन दुकानों में जाकर एक-दूसरे को त्योहार की बधाई देते थे। उसके बाद अगले दिन घरों पर आना-जाना लगा रहता था। सभी लोग बड़े प्रेम और आत्मीयता से मिलते थे। बचपन की दिवाली भुलाए नहीं भूलता।

'कुमावत इंडिया' पत्रिका को धन्यवाद जिन्होंने आज बचपन की यादों को फिर से ताजा कर दिया।

-दीपक कुमावत फार्मासिस्ट

बचपन में पटाखें काफी मुश्किल से मिलते थे। पापा पटाखे लेकर आते थे और सबको हिसाब से बांटते थे। मुझे पटाखें जलाने से ज्यादा घर को सजाना ज्यादा पसंद था। दिवाली के समय मैं घर में अल्पना, रंगोली बहुत बनाया करती थी। एक बार दिवाली पर मैं फव्वारा जला रही थी। तभी फव्वारा मेरे हाथ पर ही फूट गया। मेरा अंगूठा काफी जल गया था। घर में डांट पड़ने के डर किसी को कुछ नहीं बताया। लेकिन जब दर्द बर्दाश्त नहीं हुआ तो आधी रात को मां को इस बारे में बताया। उस किस्से के बाद मुझे पटाखों से डर लगने लग गया और उसके बाद मैंने पटाखें जलाना बंद कर दिया। मेरा आप सभी

से आग्रह है कि सावधानी से पटाखें चलाएं।

-दीपिका कुमावत, योगगुरू जयपुर

वैसे तो बचपन का हर दिन ही अच्छा था। लेकिन बचपन की यादें ऐसी होती हैं कि हम कम से कम दिवाली में तो बच्चा बन ही जाना चाहते हैं। बचपन के दिनों में दोस्तों के बीच पटाखों को लेकर जमकर चर्चा होती थी। 'इस बार हम ऐसा रॉकेट लाएंगे, जो आसमान में मेरा नाम लिख देगा', 'इस बार मैं हजार रुपये के पटाखे लूंगा।' हम सभी दोस्त मिलकर बचपन में ऐसी गप्पे किया करते थे। मम्मी यह सोचकर परेशान रहती थी कि घर की सफाई और खरीदारी कैसे पूरी होगी। दिवाली में घर की सफाई करने का भी अलग मजा होता था और हमारे लिए ये किसी खेल से कम नहीं था। इस सफाई का सबसे बड़ा फायदा ये होता था कि खोया हुआ सारा सामान मिल जाता था। खिलौनों से लेकर किताबें तक। इस बीच कहीं कुछ सिक्के मिल जाते तो फिर चांदी ही चांदी हो जाती थी। दीपावली का उत्साह एक रात पहले ना आंखों में नींद आने देती थी और ना ही सुबह देर तक सोने देता था। मन में ये बेचैनी लगी रहती थी कि कब शाम हो और हम नए कपड़े पहनकर पटाखे फोड़ सकें। बचपन में हम लोगों को साल में सिर्फ एक बार ही नए कपड़े और जूते मिलते थे और वह वक्त दीपावली का ही होता था। इसलिए हम लोग साल भर से दीपावली का बेसब्री का इंतजार किया करते थे। सौ रुपये में पटाखे खरीदते थे, तो एक हफ्ते तक चलता था। अब तक 100 रुपये में फुलझड़ी की एक पैकेट ही आती है। अब पर्व त्योहारों के मायने वाट्सएप और सोशल मीडिया तक सीमित होकर रह गए।

-राकेश कुमावत एडवोकेट, राज. उच्च न्यायालय, जयपुर

आधुनिकता की बयार का असर अब पारंपरिक त्यौहारों पर भी साफ नजर आने लगा है। दीपावली पर्व भी आधुनिकता के रंग में रंगता जा रहा है। दीपावली पर दीप मालाओं के त्योहार में घरों से दीये और बाती दोनों गायब हो चुके हैं। इसका स्थान चाइनीज लड़ियों ने ले लिया है। हालांकि देशभर में सोशल मीडिया पर चाइनीज सामान का इस्तेमाल न करने की अपील का कुछ असर तो हुआ, लेकिन इसके बावजूद बाजार में चाइनीज लड़ियां बिकती है।

